सोमवार, 26 मई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 4:53 | सूर्यास्त: 18:14 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सपनों को जीने के लिए आज को जी भर कर जीना होगा।



क्लासेन का शतक, सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदा पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# जापान को पीछे छोड़ भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: नीति आयोग सीईओ

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि कुल मिलाकर वैश्विक और आर्थिक माहौल भारत के अनुकूल है। उन्होंने कहा, ''मैं जब बोल रहा हूं, तब हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज भारत की



अर्थव्यवस्था जापान से बड़ा है। उन्होंने कहा, ''केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं और अगर हम अपनी योजना और सोच पर कायम रहते हैं, तो ढाई-तीन साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।'' भारत 2024 तक दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। उन्होंने कहा, ''अगर हम अपनी योजना और सोच-समझ पर कायम रहे, तो 2.5-3 साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।'' अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अप्रैल में जारी अपनी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) रिपोर्ट में कहा था कि भारत 2025 में 4190 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 1,438 अमेरिकी डॉलर से दोगुनी होकर 2025 में 2,880 अमेरिकी डॉलर हो गई है।

## पाकिस्तान: पंजाब प्रांत में तूफान और भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में 20 लोगों की मौत

**लाहौर :** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम को तेज तूफान और भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रांतीय सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब सरकार ने बताया कि तूफान इतना शक्तिशाली था कि इसने सड़क और हवाई यातायात को बाधित कर दिया, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पंजाब सरकार के अनुसार, 13 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में अधिकांश मौतें जर्जर घरों के ढहने या गिरे हुए 'बिलबोर्ड' के नीचे दबने के कारण हुईं। प्रांतीय सरकार ने रविवार को कहा, ''पंजाब के विभिन्न हिस्सों में शक्तिशाली तूफान और भारी बारिश से संबंधित घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए।'' तेज हवा और ओला वृष्टि ने संघीय राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत को भी प्रभावित किया जहां फसलों और बिजली के तारों भारी नुकसान पहुंचा।

## भारत के शुक्ला समेत एक्सिओम-4 अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष यात्रा से पहले 'क्वारंटीन' किया गया

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा रहे तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को पृथकवास (क्वारंटीन) में भेज दिया गया है। अमेरिका स्थित निजी अंतरिक्ष कंपनी ने रविवार को यह घोषणा की। एक्सिओम-4 मिशन एक्सिओम स्पेस, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक संयुक्त प्रयास है और इसे फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से ड्रैगन अंतरिक्ष यान के माध्यम से आठ जून को भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। एक्सिओम-4 मिशन पहला मिशन है जिसके माध्यम से कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) जाएगा।

## बंगाल समेत चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान कर दिया है। उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 19 जून तय की गई है। नतीजे 23 जून को आएंगे। भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गईं थी। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर उप-चुनाव होने हैं।

### 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं चुनावी प्रक्रिया

चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन का आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

## लालू प्रसाद ने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को राजद से निष्कासित किया, पारिवारिक संबंध भी तोड़े

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को ''गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार'' के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए। प्रसाद ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह घोषणा की। तेजप्रताप के फेसबुक पेज से शनिवार शाम को घोषणा की गई थी कि वह एक युवती के साथ ''12 साल से रिश्ते में हैं।'' हालांकि, उन्होंने कुछ घंटों बाद ही यह पोस्ट हटा दी और 'एक्स' पर दावा किया कि उनका फेसबुक पेज ''हैक'' हो गया है। तेजप्रताप शादीशुदा हैं और उनकी तलाक याचिका अब भी यहां एक कुटुंब अदालत में लंबित है। सोशल मीडिया पर अपने इस कठोर कदम की घोषणा करने वाले लालू प्रसाद ने पिछले दिन की घटनाओं का कोई



उल्लेख नहीं किया, लेकिन अपने बड़े बेटे के ''सार्वजनिक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार'' की आलोचना की। लालू प्रसाद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना सामाजिक न्याय के लिए हमारे सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।'' उन्होंने कहा, ''अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह (तेजप्रताप) स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।'' यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब बिहार विधानसभा चुनाव में कुछ महीने ही बचे हैं। राजद यह चुनाव लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ेगा।

## अंतरिम सरकार की नीतियों को लेकर नागरिक प्रशासन में असंतोष के कारण बांग्लादेश में बेचैनी बढ़ी

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की नीतियों को लेकर नागरिक प्रशासन और व्यापार क्षेत्र में असंतोष के बीच देश में रातों-रात बेचैनी बढ़ गई। बड़े पैमाने पर प्रसारित होने वाले 'प्रथम आलो' समाचार पत्र ने एक रिपोर्ट छापी जिसका शीर्षक था, ''सचिवालय में विरोध प्रदर्शन, एनबीआर निष्क्रिय, नगर भवन पर लगा ताला'', इस खबर में सरकारी कर्मचारियों की सेवा से जुड़े एक प्रस्तावित कानून के खिलाफ कर्मचारियों के जारी प्रदर्शन, राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड के अधिकारियों और ढाका दक्षिण नगर निगम के कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र था। इस बीच, व्यापारिक समुदाय के एक प्रमुख नेता शौकत अजीज रसेल ने कहा कि देश में व्यापारियों को उसी तरह मारा जा रहा है जैसे 1971 के मुक्ति संग्राम में बुद्धिजीवियों को मारा गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिक से अधिक लोगों के बेरोजगार होने से स्थिति बदत्तर हो सकती है। बांग्लादेश टेक्सटाइल्स मिल्स एसोसिएशन (बीटीएमए) के अध्यक्ष रसेल ने व्यापार मंडलों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमें नहीं पता कि बकरीद से पहले हम श्रमिकों को बोनस और वेतन कैसे देंगे।'' उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीनों में, बांग्लादेश निवेश विकास प्राधिकरण एक भी निवेशक लाने में विफल रहा है।

# जातिगत जनगणना पीछे छूटे लोगों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक कदम : प्रधानमंत्री मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि जातिगत जनगणना हाशिये पर खड़े और पीछे रह गए लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने की दिशा में एक कदम है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार जाति की राजनीति में विश्वास नहीं करती, बल्कि हाशिए पर पड़े लोगों के सशक्तिकरण में विश्वास करती है। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के कदम की पुष्टि करती है। उनका स्पष्ट इशारा हाल के भारत-पाकिस्तान संघर्ष में स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की ओर था। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता समेत सात सर्वश्रेष्ठ शासन पद्धतियों पर विभिन्न मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने प्रस्तुतियां दीं। मोदी ने उनके विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाने का सुझाव दिया, जिसमें यह भी शामिल था कि इन्हें अन्यत्र कैसे एकीकृत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजग शासित राज्यों की ओर से समन्वित प्रयास से 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में तेजी आ सकती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने नेताओं से बेवजह बोलने की प्रवृत्ति से बाज आने को भी कहा, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के बाद कई स्थानों पर सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों द्वारा की गई असंवेदनशील और विवादास्पद टिप्पणियों से उत्पन्न राजनीतिक विवादों की पृष्ठभूमि में उनकी (मोदी) अस्वीकृति की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा रहा है। संवाददाताओं को जानकारी देते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें दो प्रस्ताव पारित किए गए।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ सैन्य मिशन नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' महज एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह ''बदलते भारत की तस्वीर'' है जो वैश्विक मंच पर देश के संकल्प, साहस और बढ़ती ताकत को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, ''आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, गुस्से से भरा हुआ है और दृढ़ संकल्पित है।'' मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया और इसे भारत की बढ़ती ताकत एवं उद्देश्य की स्पष्टता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, '' 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में नए आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार किया है।'' उन्होंने सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सेना द्वारा किए गए सटीक हमलों को ''असाधारण'' बताकर उनकी प्रशंसा की। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह 'ऑपरेशन' एक बार की सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह बदलते एवं दृढ़ संकल्पित भारत का प्रतिबिंब है।

## भारत को इतना शक्तिशाली बनाएं कि कई ताकतें मिलकर भी उसे हरा न सकें : भागवत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज में एकता और भारत को सैन्य शक्ति एवं अर्थव्यवस्था की दृष्टि से इतना शक्तिशाली बनाने का आह्वान किया है कि ''कई शक्तियां एक साथ आकर'' भी इस पर ''जीत'' हासिल न कर सकें। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताकत को सद्गुणों और नीतिपरायणता के साथ जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि ''मात्र निरंकुश शक्ति'' दिशाहीन हो सकती है और ''घोर हिंसा'' को जन्म दे सकती है। उन्होंने आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' के ताजा संस्करण में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वह अपनी सभी सीमाओं पर ''बुरी ताकतों की दुष्टता देख रहा है।'' पत्रिका ने कहा कि यह बातचीत 21-23 मार्च, 2025 को आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक की



पृष्ठभूमि में हुई थी और इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' से पहले 'ऑर्गनाइजर-पाञ्चजन्य' कार्यालय में रिकॉर्ड किया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति पर संघ के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा, ''हमें शक्ति संपन्न होना ही पड़ेगा। संघ में प्रार्थना की पंक्ति ही है-'अजय्यां च विश्वस्य देहीश शक्तिम्' (हमें इतनी शक्ति दीजिए कि हमें विश्व में कोई न हरा सके)।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने कहा, ''सच्ची शक्ति आंतरिक होती है। सुरक्षा के मामले में हम किसी पर निर्भर न हों, हम अपनी सुरक्षा स्वयं कर लें। सारी दुनिया मिलकर भी हमें जीत न सके, इतना सामर्थ्य संपन्न हमें होना ही है।'' उन्होंने कहा, ''विश्व में कुछ ऐसी दुष्ट शक्तियां हैं, जो स्वभाव से आक्रामक हैं। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। हमें शक्ति संपन्न होना ही पड़ेगा, क्योंकि हम अपनी सभी सीमाओं पर दुष्ट लोगों की दुष्टता देख रहे हैं।'' भागवत ने कहा, ''सज्जन व्यक्ति केवल सज्जनता के कारण सुरक्षित नहीं रहता। सज्जनता के साथ शक्ति चाहिए। केवल अकेली शक्ति दिशाहीन होकर हिंसा का कारण बन सकती है, इसलिए उसके साथ सज्जनता भी चाहिए।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वैश्विक स्तर पर मानवाधिकार रक्षकों को पड़ोसी देशों में शोषण और हिंसा का सामना कर रहे हिंदुओं की चिंता है, आरएसएस प्रमुख ने कहा कि किसी को हिंदू की चिंता केवल तभी होगी, जब हिंदू सशक्त बनेंगे।

## आतंकवाद साझा समस्या है, हम सभी को मिलकर इसका मुकाबला करना चाहिए: थरूर

**न्यूयॉर्क :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में 9/11 स्मारक जाकर आतंकवादी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी, उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को आतंकवाद की ''साझा समस्या'' के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना होगा। यह स्मारक नौ सितंबर 2001 में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में बनाया गया है। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल एकजुटता दर्शाने के लिए 9/11 स्मारक पहुंचा और यह ''हमारे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण'' था। उन्होंने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य एक बहुत मजबूत संदेश देना भी था कि ''हमारे अपने देश में एक और आतंकवादी हमले के बाद हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो उस क्रूर आतंकवादी हमले के निशान अब भी झेल रहा है।'' थरूर ने कहा कि अमेरिका की तुलना में भारत को ''बहुत अधिक संख्या में आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा है।'' उन्होंने शनिवार को कहा, ''हम यह याद दिलाने के लिए यहां आए हैं कि यह एक साझा समस्या है। हम पीड़ितों के साथ एकजुटता की भावना दर्शाने के लिए भी यहां हैं। इन



पीड़ितों में भारतीय भी शामिल थे... यह एक वैश्विक समस्या है, एक अभिशाप है और हम सभी को इससे एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह संदेश देना बहुत महत्वपूर्ण था।'' शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क पहुंचा प्रतिनिधिमंडल 'लोअर मैनहट्टन' में 'नेशनल सितंबर 11 मेमोरियल एंड म्यूजियम' गया और उसने 'मेमोरियल पूल' पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी भी मौजूद थे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क से गुयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील की यात्रा करेगा और उसके बाद तीन जून के आसपास 'वाशिंगटन डीसी' लौटेगा। यह एक कूटनीतिक प्रयास है जिसका उद्देश्य सभी प्रकार के आतंकवाद के विरुद्ध भारत के एकजुट और दृढ़ रुख को प्रदर्शित करना है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



## राष्ट्रीय एकता के लिये चुनौती भाषाई टकराव

इसमें दो राय नहीं कि भाषाई विविधता रंग-बिरंगे फूलों की तरह भारत की खूबसूरती की वाहक है। वहीं यह विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार भी है। यह विडंबना ही है कि राजनीतिक लाभ के लिये क्षेत्रीय भाषा के गौरव के नाम पर हिंदी विरोध का मोर्चा अकसर खोला जाता है। निस्संदेह समय-समय पर उभरने वाले विवाद क्षेत्रीय गर्व और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को ही उजागर करते हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही विवाद में मराठी को व्यवहार में न अपनाने के आरोप लगाकर एक अधिकारी को थप्पड़ मारने का विवाद सामने आया था। कालांतर भाजपा शासित राज्य में मराठी की अनिवार्यता कामकाज में लागू की गई थी। अब ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वार्तालाप करेगा। इस प्रकरण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अकसर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रि-भाषा फार्मूले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है,लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है। राजनीतिक दल इसे हिंदी थोपने और अपनी भाषाई पहचान के लिये खतरा बता रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध की राजनीति का पुराना इतिहास रहा है। खासकर तब से जब हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की कवायद शुरू हुई थी। हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लचीलेपन के साथ इस बात पर जोर देती रही है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। इसके साथ यह भी कि भाषाओं के चयन का मुद्दा राज्य, क्षेत्रों और छात्रों पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं कतिपय राजनीतिक दल आरोप लगाते रहे हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा का व्यावहारिक क्रियान्वयन एक विवादस्पद मुद्दा है। बहरहाल, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय भाषाओं पर इसके प्रभाव और हिंदी के कथित प्रभुत्व को लेकर बहस चल रही है। बहरहाल, इस तरह के विवादों से आगे बढ़ने के लिये आपसी सम्मान और समझ का माहौल बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सार्वजनिक संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी सेवाएं स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों को सांस्कृतिक और भाषाई संवेदनशीलता में प्रशिक्षित किया जाए। निस्संदेह, शैक्षिक नीतियों को पूरे लचीलेपन के साथ लागू किया जाना चाहिए। जिसमें बहुभाषी दक्षता को बढ़ावा देते हुए क्षेत्रीय प्राथमिकताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। निस्संदेह, भारत की भाषाई बहुलता को एक विभाजनकारी कारक के बजाय एक एकीकृत शक्ति के रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। देश की विविध भाषाओं को सहानुभूति और खुलेपन के साथ अपनाकर, हम अपने राष्ट्र के ताने-बाने को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भाषा एक पुल बने, न कि एक बाधा।

# भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक से बौखलाया पाकिस्तान



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों में बंटे हैं। इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। असल में, पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की पोल खुलने के बाद भारत ने उसके खिलाफ चौतरफा मोर्चा खोल दिया है। पाक की 'आतंकिस्तान' की इमेज को बेनकाब करने के लिए एक और मोदी सरकार ने दुनियाभर में भारत के सांसद भेजे हैं।

खास बात ये है कि ये सर्वदलीय सांसद हैं और ये एक स्वर में पाक और आतंक के रिश्तों को वैश्विक मंच पर उजागर करेंगे। ये कई देशों में बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान आतंकवादियों की पौध को उगाने, आतंक के अड्डों में प्रशिक्षण देने, फंडिंग करने से लेकर हमले करने तक के लिए ट्रेंड करता है। दूसरी ओर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक स्ट्राइक भी कर दी है। भारत सरकार ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान को फिर से भेजने के लिए काफी ठोस कोशिशें शुरू कर दी हैं। पाकिस्तान की सच्चाई सामने लाने के लिए भारत से दो प्रतिनिधिमंडल रवाना हो गए हैं। शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल गुयाना और बैजयंत पांडा के नेतृत्व में दूसरा दल बहरीन गया है। सांसदों का दौरा 22 मई से 5 जून तक चलेगा।

59 सांसद दुनिया को ये 5 बड़े संदेश देंगे। जिनमें पहला संदेश है आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस। इसमें बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने इसे खुद के खिलाफ हमला माना और पलटवार किया। दूसरा सन्देश है, पाक आतंक का समर्थक। सांसद कुछ सबूत लेकर जा रहे हैं, जिनमें वो बताएंगे कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद ले जा रहे हैं। तीसरा संदेश है भारत जिम्मेदार और संयमित : भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। यह सुनिश्चित किया कि पाक के किसी निर्दोष नागरिक की जान न जाए। पाक ने कार्रवाई रोकने का जब आग्रह किया तो भारत ने उसे तत्परता से स्वीकारा।

चौथा सन्देश है, आतंक के खिलाफ विश्व एकजुट हो। सांसद इन देशों से आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने और इससे निपटने के लिए सहयोग व समर्थन भी मांगेंगे। अपील करेंगे कि भारत-पाक के विवाद को आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के तौर पर देखें। पांचवां और अंतिम सन्देश है, पाक को लेकर हमारी नीति। यह बताएंगे कि पाक के खिलाफ भारत ने अपना बदला हुआ दृष्टिकोण उजागर किया है। भारत सीमा पार से पैदा होने वाले खतरे को लेकर उदासीन रहने के बजाए प्रो-एक्टिव रवैया अपनाएगा और आतंकी हमलावरों को पहले ही निष्क्रिय करेगा।सरकार का कहना है कि इस कदम से दुनिया को पता चलेगा कि भारत आतंकवाद को लेकर कितना गंभीर है। भारत चाहता है कि सभी देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ें। सरकार का यह भी कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण राजनयिक प्रयास है। इससे भारत और दूसरे देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे।

भारत सरकार काफी मजबूती से एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ मामले को उठाने वाली है और इसके लिए मजबूत रणनीति बनाई जा रही हैं। संभवत: अगले महीने एफएटीएफ की समीक्षा बैठक होने वाली है और भारत ने पुरजोर सबूतों के साथ पाकिस्तान की तरफ से फैलाए जा रहे आतंकवाद के मुद्दे को उठाने का फैसला किया है। इसमें भारत की कोशिश पाकिस्तान को एक बार फिर से ग्रे लिस्ट में डलवाने की होगी। भारत का मानना है कि पाकिस्तान आतंकवाद को रोकने में नाकाम रहा है और वैश्विक संस्थाओं से उसे जो धन मिलता है, उसका इस्तेमाल वो आतंकवादियों को हथियार और धन मुहैया करवाने में करता है। आईएमएफ से हाल ही में मिले लोन में से उसने 14 करोड़ रुपए ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकियों को देना तय किया है।

दरअसल, एफएटीएफ एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो मनी लॉन्ड्रिंग, टेरर फाइनेंसिंग और हथियारों के प्रसार से जुड़ी फंडिंग पर निगरानी रखती है। जो देश इन गतिविधियों के खिलाफ जरूरी कदम उठाने में नाकाम रहते हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाल दिया जाता है। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, विदेशी निवेश और अंतरराष्ट्रीय कर्ज लेने की क्षमता पर पड़ता है। ग्रे लिस्ट में शामिल देश के सामने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई सख्त शर्तें रखी जाती हैं और अगर उन शर्तों को पूरा करने में वो देश नाकाम रहता है, तो फिर उसके ब्लैक लिस्ट होने का भी खतरा रहता है। भारत की कोशिश ग्रे के बाद पाकिस्तान की काली करतूतों को उजागर करते हुए उसे काली सूची में ही डलवाने की है। भारत का साफ और स्पष्ट शब्दों में आरोप है कि पाकिस्तान ने अपने क्षेत्र से चलने वाले आतंकी संगठनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इसके उलट उसने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, खासकर आईएमएफ और विश्व बैंक से मिले फंड का इस्तेमाल हथियार और गोला-बारूद खरीदने में कर रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा रहा है, यह कोई नया तथ्य नहीं है। यह बात तो हाल में खुद वहीं के रक्षा मंत्री ने एक ब्रिटिश टीवी को दिए इंटरव्यू में मानी, हालांकि उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह गंदा काम अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों के लिए कर रहा था। 2008 के मुंबई हमलों के बाद खुद भारत ने पाकिस्तानी हाथ के ठोस सबूत दुनिया के सामने रखे थे। नतीजा पाकिस्तान पर शिकंजा कसने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके अलगाव के रूप में सामने आया। इसलिए आवश्यक यह है कि इस बार भी भारत वैसे ही अकाट्य साक्ष्य दुनिया के सामने रखे।

भारत सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने को लेकर मजबूत सबूत तैयार करने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गये आतंकवादियों के जनाजे में जिस तरह से पाकिस्तान सेना के दर्जनों सीनियर अधिकारी शामिल हुए थे, भारत उसे भी बतौर सबूत पेश करने वाला है। भारत एफएटीएफ के सदस्य देशों को इस बात के लिए राजी करने की कोशिश करेगा कि पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी किस तरह से आपस में मिले हुए हैं। इसके अलावा भारत ये भी दलील देगा कि असल में वो पाकिस्तान की सेना ही है, जो आतंकवाद फैलाने का काम करती है। लिहाजा पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे-लिस्ट में डालना अत्यंत जरूरी है। एफएटीएफ की अगली बैठक जून 2025 में होने वाली है। यह वही समय है जब भारत, पाकिस्तान के खिलाफ अपना डोजियर पेश कर सकता है।

भारत उम्मीद कर रहा है कि अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश उसकी दलील और सबूतों को समर्थन देंगे। भारत के लिए यह कदम सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। क्योंकि ग्रे लिस्ट में आने का असर पाकिस्तान की कमजोर होती अर्थव्यवस्था पर सीधा पड़ता है। अगर पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट में डाला जाता है तो पाकिस्तान की स्थिति काफी बिगड़ सकती है और आईएमएफ की अगली किस्त पर रोक लग सकता है। लिहाजा अगर भारत, पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट में डलवाने में कामयाब होता है, तो यह न सिर्फ पाकिस्तान के लिए आर्थिक झटका होगा, बल्कि यह एक सख्त संदेश भी होगा कि आतंकवाद का समर्थन करने के लिए हर हाल में कीमत चुकानी होगी।

-चिकित्सक एवं लेखक

# गांवों की राजनीति से शुरू होगा 2027 का सियासी महाकुंभ



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव को राजनीतिक दलों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। पंचायत चुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव का लिटमस टेस्ट कहा जा रहा है, क्योंकि इसके नतीजे आने के बाद ही प्रदेश की सियासी तस्वीर साफ होगी। चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए पूरी तैयारी शुरू कर दी है और जल्द ही अधिसूचना जारी करने की संभावना है। ऐसे में राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी रणनीतियां बनाने में जुट गए हैं। पंचायत चुनाव से न केवल दलों की लोकल पकड़ का पता चलेगा, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए उनकी रणनीतियों की दिशा भी तय होगी। उत्तर प्रदेश के गांवों में पंचायत चुनाव को लेकर जो सरगर्मी दिख रही है, उससे यह साफ हो गया है कि ये चुनाव प्रदेश की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं।

उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों के मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल 2026 में खत्म हो रहा है। लगभग 57,691 ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3,200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव होने हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए करीब 1.27 लाख सीआर1 ग्रेड की मतपेटियों की खरीद के लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया है। पिछले चुनाव अप्रैल-मई 2021 में हुए थे, इसलिए इस बार चुनाव की अधिसूचना जनवरी या फरवरी 2026 के दूसरे या तीसरे हफ्ते में जारी होने की उम्मीद है। पंचायत चुनाव तीन स्तरों पर होते हैं - ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा और सियासी रसगुल्ले गांव के प्रधान चुनाव को लेकर होती है, क्योंकि ग्राम प्रधान सीधे गांव की राजनीति पर प्रभाव डालते हैं।

पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी दल यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आरक्षण के बाद किस सीट पर कौन उम्मीदवार खड़ा हो सकता है। आरक्षण के बाद उम्मीदवारों की संभावनाओं का आकलन करना जरूरी होता है ताकि सही रणनीति बनाई जा सके। बीडीसी सदस्य और जिला पंचायत सदस्य भी होर्डिंग-पोस्टर के जरिए अपनी दावेदारी जताने लगे हैं। नेताओं और निर्वाचन आयोग की इस सक्रियता से साफ है कि पंचायत चुनाव को लेकर सियासी मशीनरी पूरी तरह से सक्रिय हो चुकी है।



पिछले पंचायत चुनावों के आंकड़े बताते हैं कि पंचायत चुनावों में सत्ताधारी दल का ही दबदबा रहता है। 2021 के पंचायत चुनाव में भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, आरएलडी, आम आदमी पार्टी और कई निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। कुल 3050 जिला पंचायत सदस्य सीटों पर हुए चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी खासा दम दिखाया। भाजपा ने 768 सीटें जीतीं, सपा ने 759, बसपा ने 319, कांग्रेस 125, आरएलडी 69 और आम आदमी पार्टी 64 सीटों पर जीत हासिल की। निर्दलीयों की संख्या 944 रही। भाजपा ने निर्दलीयों को अपने साथ जोड़कर 67 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी अपने नाम कर ली, जबकि सपा महज पांच जिलों में ही अध्यक्ष बना सकी। यह आंकड़ा यह बताता है कि पंचायत स्तर पर भी सत्ता का प्रभाव कितना महत्वपूर्ण होता है।

पंचायत चुनावों को 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जाता है, क्योंकि इस चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी संख्या की सीटें शामिल होती हैं। उत्तर प्रदेश की लगभग दो तिहाई विधानसभा सीटें ग्रामीण इलाकों से आती हैं, इसलिए पंचायत चुनाव का नतीजा सीधे विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों की ताकत पर प्रभाव डालता है। पंचायत चुनावों में जो दल सफल होता है, उसके पास ग्रामीण वोट बैंक की मजबूत पकड़ होती है, जो आगे जाकर विधानसभा चुनावों में मददगार साबित होती है। राजनीतिक दल पंचायत चुनाव के नतीजों का विश्लेषण कर हर जिले, क्षेत्र और जाति के हिसाब से अपनी रणनीति बनाते हैं।

राजनीतिक दल पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद गहन मंथन करते हैं। जातिगत समीकरण, क्षेत्रीय ताकत, वोट प्रतिशत, पिछली बार की तुलना में वोटों में बढ़ोतरी या कमी, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाते हैं। ये चुनाव दलों को अपनी ताकत को सही आंकने का मौका देते हैं ताकि वे कमजोर हिस्सों पर काम कर सकें। पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के मतों की तुलना कर दल अपने वोट बैंक में आए बदलाव का आंकलन करते हैं। फिर इसके आधार पर उम्मीदवार चयन, गठबंधन और प्रचार रणनीति को दुरुस्त करते हैं।

उत्तर प्रदेश की सियासत में पंचायत चुनावों का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इससे दलों की लोकल स्तर पर पकड़ का पता चलता है। पंचायत चुनाव से पार्टी का बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होता है। गांवों के छोटे-छोटे चुनाव भी बड़े चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिस पार्टी के पास मजबूत ग्राम स्तर की पकड़ होती है, उसके लिए विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतना आसान होता है। इसलिए दल पंचायत चुनाव को हल्के में नहीं लेते और पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ते हैं।

इन चुनावों में अपना दल (एस) का भी विशेष महत्व है, जो बीजेपी के सहयोगी दल के रूप में काम करता है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने हाल ही में घोषणा की है कि उनका दल यूपी पंचायत चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगा। उन्होंने साफ कहा कि कोई गठबंधन नहीं होगा और अपना दल (एस) पूरी ताकत से सभी सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव का रिहर्सल है। उनका मानना है कि पंचायत चुनाव में अपनी ताकत आजमाकर वे आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति मजबूत करेंगे। पिछले कई सालों से अपना दल (एस) ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजेपी के साथ गठबंधन किया, लेकिन पंचायत चुनावों में वह हमेशा अकेले ही चुनाव लड़ता रहा है। 2021 में भी अपना दल (एस) अकेले ही जिला पंचायत सदस्य चुनाव में हिस्सा लिया था। इस बार भी यही रणनीति अपनाई जा रही है। केंद्र और प्रदेश में बीजेपी और अपना दल (एस) साथ हैं, लेकिन गांवों में पंचायत चुनाव में वे एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी बनेंगे।

अनुप्रिया पटेल ने यह भी बताया कि पंचायत चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा मौका देना चाहते हैं। गठबंधन में रहते हुए यह संभव नहीं था कि सभी कार्यकर्ता चुनाव लड़ पाएं, इसलिए अकेले चुनाव लड़ना जरूरी था। उन्होंने कहा कि संगठन को पंचायत चुनाव के अनुसार मजबूत करना होगा। पंचायत चुनाव में हर स्तर पर संगठन को तैयार करने की कवायद चल रही है। पार्टी बूथ स्तर पर भी मजबूत हो रही है ताकि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को पूरी मदद मिल सके।

यह रणनीति अनुप्रिया पटेल की पार्टी के लिए नए अवसर भी लेकर आएगी। पंचायत चुनाव से पार्टी को ग्रामीण इलाकों में अपनी पकड़ बढ़ाने का मौका मिलेगा, जो आगे जाकर विधानसभा चुनाव में काम आएगा। यह चुनाव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रकार का मंच भी होगा, जहां वे अपनी राजनीतिक योग्यता साबित कर सकेंगे। चुनावों में जीत से पार्टी को स्थानीय नेताओं का विश्वास मिलेगा और पार्टी संगठन मजबूत होगा। पंचायत चुनावों में अच्छा प्रदर्शन पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भी उत्साहित करता है।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि पंचायत चुनाव उत्तर प्रदेश की राजनीति की जमीन तैयार करते हैं। गांव की राजनीति से जुड़ी दलों की पकड़ मजबूत होने पर विधानसभा चुनाव में भी उनकी सफलता की संभावना बढ़ जाती है। पंचायत चुनाव में मिली सफलता से नेताओं को यह भी समझने में मदद मिलती है कि किस क्षेत्र में उनकी पार्टी की पकड़ कमजोर है और वहां वे अपनी रणनीति में बदलाव कर सकते हैं। इसके अलावा, पंचायत चुनाव से दलों को जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों को समझने में भी मदद मिलती है।

साथ ही, पंचायत चुनावों में नए नेताओं को उभरने का मौका मिलता है। कई बार युवा और नए चेहरे इन चुनावों के जरिए राजनीति में आते हैं और आगे जाकर बड़े स्तर पर राजनीति में अपना मुकाम बनाते हैं। इसलिए पंचायत चुनाव सिर्फ स्थानीय स्तर की राजनीति तक सीमित नहीं रह जाते, बल्कि ये प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करते हैं।

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में सियासी पार्टियों की जंग पंचायत चुनाव से शुरू होती है और यही मुकाबला विधानसभा चुनाव तक चलता रहता है। इस बार भी राजनीतिक दल पंचायत चुनावों में पूरी ताकत झोंक रहे हैं ताकि वे 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पकड़ मजबूत कर सकें। योगी सरकार के नेतृत्व में बीजेपी ने पंचायत चुनावों में कड़ा दबदबा बनाया है, लेकिन विपक्षी दल भी पीछे नहीं हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अपना दल (एस) भी अपने-अपने क्षेत्रों में जीत दर्ज करने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं।

अंततः पंचायत चुनाव उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक ऐसा मंच हैं, जहां से सरकार बनने की राह दिखती है। इस चुनाव का परिणाम 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सियासी मिजाज का आईना होगा। जो पार्टी पंचायत चुनाव में सफल होगी, उसकी सियासी पकड़ मजबूत होगी और वह विधानसभा चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएगी। इसलिए 2026 के पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में खासा उत्साह और संघर्ष देखा जा रहा है। यह चुनाव सिर्फ ग्रामीण नेतृत्व चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य की सियासत के लिए मजबूत आधार बनाने का जरिया बनेंगे। इस चुनाव के परिणाम पूरे प्रदेश की राजनीतिक दिशा तय करेंगे और तय करेंगे कि 2027 में उत्तर प्रदेश की सत्ता किसके हाथ में होगी।

-वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 मई, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 12:12 तक, नक्षत्र : भरणी, 08:23 तक, योग : शोभना, 07:00 तक, सूर्योदय: 4:53, सूर्यास्त: 18:14, चन्द्रोदय : 03:42, चन्द्रास्त: 17:33, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 06:35 से 08:15

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे। ऑफिस में यदि अतिरिक्त समय देना पड़े तो चिंता न करें, घर की ओर से पूरा समर्थन रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। दिन ऊर्जा और जोश से भरा है। कार्यस्थल पर आप जो भी काम उत्साहपूर्वक करेंगे, उसमें सफलता निश्चित है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए फाइनेंस से जुड़े अहम निर्णय लेने के लिए दिन सर्वोत्तम है, क्योंकि आने वाले दिनों में समय की कमी रहेगी। परिवार में खुशहाली बनी रहेगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक और आत्मिक ऊर्जा आपको सकारात्मक बनाएगी, जिससे आपके निर्णयों में स्थिरता आएगी। आर्थिक लाभ मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वाले लोगों का ऑफिस में टीमवर्क और लीडरशिप सभी को प्रभावित करेगी। आप अपने साथियों का भरोसा जीतने में सफल रहेंगे। कोई रुका हुआ भुगतान मिल सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों की रचनात्मकता चरम पर होगी। यदि आप आर्ट, डिजाइन, राइटिंग या सोशल मीडिया से जुड़े हैं तो दिन कुछ नया और लाभदायक आरंभ करने के लिए उत्तम है।

**तुला :** तुला राशि वालों को आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से मन प्रसन्न रहेगा, जिससे आप धन और करियर पर पूरी तरह फोकस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को अपने इनोवेटिव आइडियाज को लागू करने का अवसर मिलेगा। यदि आप मीडिया, राजनीति या पब्लिक रिलेशन से जुड़े हैं, तो नए कॉन्टैक्ट बन सकते हैं।

**धनु :** धनु राशि वालों के दिन व्यस्त साबित होगा। आपके सामने कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन साथ ही उनमें सफलता की भी संभावना प्रबल है। ट्रैवल में लाभ होने की संभावना है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए करियर में लाभ का दिन है। घर के जरूरी कामों में अधिक समय लग सकता है, लेकिन करियर को लेकर भी आपको सजग रहना चाहिए।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए किसी खुशखबरी के आने की पूरी संभावना है। शायद कोई इंटरव्यू कॉल या नया बिजनस प्रपोज़ल। छोटी यात्रा से आपको नए कॉन्टैक्ट्स मिल सकते हैं।

**मीन :** मीन राशि वालों का दिन थोड़ा सा उलझन भरा साबित हो सकता है। सुबह थोड़ी सुस्ती या मानसिक उलझन रह सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा आप बेहतर महसूस करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3103

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | 18 | | | 19 | ■ | 20 | | 21 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 |
| 26 | | 27 | 28 | | | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | | ■ | 31 | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) आधे के साथ, 3) अँगूठे से दूसरी उँगली, 6) बेक़द्री, 8) कोमल, 9) जन्मदिवस; *ऐनिवर्सरी*, 10) साँचे आदि में ढालकर वस्तु तैयार करना, 12) तपस्या, 14) औलाद, 16) सार; अर्क, 18) पालिशदार; चकाचक, 20) परिणाम, 22) ज्वाला, 24) बुरी आदत, 26) स्वाद का तीखापन, 29) ढेर, 30) राजमुकुट, 31) नाई.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सामूहिक, 2) पूर्णतः बंद, 3) मनचाहा, 4) कारणतः, 5) निकट, 6) भूतकालीन, 7) मस्तक, 11) संबंध, 13) खाल का बना पानी भरने का थैला, 15) पार्वती, 17) एक विशेष आकार का पाजामा, 19) झगड़ा, 20) संख्या, 21) खँडहर टीला, 23) मुकरना; खिसकना, 25) द्रव, 26) उल्लेख, 27) मुक़ामस्थान, 28) शासन, 29) छोर; नाश.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़ | रि | या | द | ■ | आ | ना | का | नी | ■ |
| र | ■ | ■ | ल | ट | क | ता | ■ | ति | ल |
| मा | यू | स | ■ | ■ | शू | ■ | मौ | ■ | बा |
| इ | ■ | र | ह | म | ■ | शा | न | दा | र |
| श | त | क | ■ | स | त | र्क | ■ | ना | ■ |
| ■ | क़ | ना | त | ■ | ल्ली | ■ | जा | पा | न |
| न | दी | ■ | क | मी | न | गी | ■ | नी | म |
| कु | र | ता | ■ | च | ■ | ला | ल | ■ | स्क्र |
| ल | ■ | ब | द | ना | मी | ■ | गा | ग | र |

## सुडोकू-पहेली-3060

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | 7 | 6 | |
| 2 | 3 | | | | 7 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | 9 | | | | 2 | |
| 6 | | 2 | 8 | | | 3 | | |
| 9 | | | | 1 | | | 7 | 2 |
| | | | | | | | | 8 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**


**सूडोकू पहेली - 3059 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 8 | 4 | 6 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 1 | 8 | 9 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 |

# बीते 24 घंटे में मिले चार संक्रमित, बंगाल में अब तक 11 लोग कोविड से संक्रमित

❑ डरने की कोई बात नहीं, बंगाल सरकार अलर्ट है : चंद्रिमा भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोरोना एक बार फिर लोगों को डराने लगा है। नये सिरे से बंगाल में अब तक 11 लोगों के कोविड से संक्रमित होने की खबर है। सभी संक्रमित का इलाज चल रहा है। सिंगापुर, चीन, थाईलैंड और हांगकांग, एशियाई देशों में कोरोना फिर लौट आया है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, केरल और कर्नाटक समेत कई राज्यों में कोविड-19 एक बार फिर पैर पसारने लगा है। इसी बीच, बंगाल में कोरोना की दस्तक देने की खबर है। राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले के मगरा हाट-2 ब्लॉक में एक किशोर और बुजुर्ग महिला के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ऐसे में रविवार को राज्य की स्वास्थ्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि चिंता की कोई बात नहीं है। बंगाल सरकार पूरी तरह से तैयार है और डरने की कोई बात नहीं है, लेकिन सावधानी जरुरी ही। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि अभी कोविड को लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। मंत्री ने कहा कि हर चीज पर नजर रखी जा रही है। लेकिन सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। वैसे हम तैयार हैं। इधर पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह कोविड मामलों की बढ़ती संख्या पर बारीकी से नजर रख रहा है। बंगाल में पिछले कुछ दिनों में कोविड-19 के 11 नए मामले सामने आए हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि अभी चिंता की कोई बात नहीं है। इस बीच, पूरे देश में चिंता बढ़ रही है क्योंकि कोविड-19 के मामले धीरे-धीरे फिर से सामने आ रहे हैं। आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने पहले ही एहतियाती दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में वर्तमान में 257 ज्यादा सक्रिय मामले हैं। पश्चिम बंगाल में भी कुछ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मुंबई में मई में 95 नए कोविड मामले सामने आए । तमिलनाडु में 12 नए कोविड-19 मामले सामने आए। कर्नाटक में 16 सक्रिय कोविड-19 मामलों की पुष्टि हुई और गुजरात में अहमदाबाद में एक ही दिन में सात नए मामले सामने आए।



# सुकांत मजूमदार की पत्नी के दो वोटर कार्ड! भाजपा बचाओ मंच की नड्डा से शिकायत, आंतरिक कलह उजागर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा में एक और विवाद सामने आया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार की पत्नी कोयल मजूमदार के नाम पर दो अलग-अलग स्थानों पर वोटर कार्ड होने का आरोप लगने से भाजपा असहज स्थिति में आ गई है। इस मुद्दे को लेकर पार्टी के भीतर गुटबाज़ी भी खुलकर सामने आ गई है।

भाजपा के ही एक धड़े भाजपा बचाओ मंच के सदस्य शमशुर रहमान ने इस मामले को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि सुकांत मजूमदार की पत्नी के दो जगहों पर वोटर कार्ड होना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे पार्टी की साख पर भी असर पड़ रहा है। पत्र में शमशुर ने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के परिवार से जुड़े इस विवाद ने भाजपा को एक बार फिर जनता के सामने असहज कर दिया है और इससे संगठन के भीतर की गुटबाज़ी भी उजागर हो रही है। पार्टी नेतृत्व की ओर से अब तक इस मुद्दे पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यह मामला भाजपा के अंदर बढ़ती असहमति और नेतृत्व संघर्ष को और हवा दे सकता है। अब देखना यह है कि नड्डा इस शिकायत पर क्या कदम उठाते हैं और क्या पार्टी के अंदर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है या नहीं।



## पीएम मोदी के 29 मई को बंगाल आने की संभावना



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मई को अलीपुरद्वार जिले में एक बैठक में भाग लेने के लिए पश्चिम बंगाल का दौरा कर सकते हैं। यह जानकारी राज्य भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी 31 मई को दो दिवसीय दौरे पर राज्य आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अभी तक यह तय किया गया है कि मोदी जी 29 मई को सिक्किम से अलीपुरद्वार पहुंचेंगे। उस दिन उनकी एक जनसभा और एक प्रशासनिक बैठक भी होने की उम्मीद है। नेता ने कहा कि अमित शाह के 31 मई की शाम को शहर पहुंचने की संभावना है और वह एक जून को राज्य और जिला स्तर के नेताओं के साथ संगठनात्मक मामलों और पार्टी की रणनीति पर चर्चा के लिए कई बैठकें करेंगे, क्योंकि विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय बचा है।

## सीएम आवास पहुंचे बेरोजगार शिक्षक, दिया ज्ञापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेरोजगार योग्य शिक्षकों के एक समूह ने रविवार को अपनी मांगों को लेकर कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री आवास पर एक ज्ञापन सौंपा। इस दिन, सुबह में 50 बेरोजगार शिक्षक कालीघाट पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने का अनुरोध किया। पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को पुलिस थाने से मुख्यमंत्री आवास तक जाने की अनुमति दी गई। वे अपनी सात सूत्री मांगों का ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री आवास गए। सूत्रों के अनुसार, ज्ञापन कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय को प्राप्त हो गया है। बेरोजगार शिक्षकों के एक वर्ग का कहना है कि प्रशासन को तुरंत सभी को स्कूल लौटने की अनुमति देनी चाहिए। कई लोग शिकायत करते हैं कि वे विभिन्न कारणों से स्कूल नहीं जा पाते। उन्होंने अपील की कि सभी जटिलताओं को दूर करने के बाद जल्द से जल्द स्कूल लौटने के लिए व्यवस्था की जाए।

## जापान में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से लड़ाई में भारत का संकल्प रेखांकित किया : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कई देशों के दौरे पर भेजे गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर रहे सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि टीम की जापान की यात्रा सार्थक रही और इसने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साहस और स्पष्टता का संदेश दिया। अभिषेक बनर्जी ने शनिवार की रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय दूतावास में सार्थक बातचीत के साथ जापान की यात्रा संपन्न हुई। हमने एकजुट होकर पहलगाम आतंकवादी हमले की ओर ध्यान आकर्षित किया और भारत की संयमित कार्रवाई के बारे में जानकारी दी-भारत ने नागरिक सुरक्षा से समझौता किए बिना पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निर्णायक रूप से नष्ट कर दिया। तृणमूल नेता ने कहा कि जैसा कि हम इस संदेश को आगे बढ़ाने के लिए सियोल पहुंचे हैं, हमारा संकल्प दृढ़ है: भारत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में साहस और स्पष्टता के साथ नेतृत्व करना जारी रखेगा।



## फर्जी पहचान पत्र के साथ कोलकाता में रह रहा था बांग्लादेशी, कालीघाट से हुआ गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कालीघाट इलाके में एक सड़क दुर्घटना के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि व्यक्ति फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में रह रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आजाद शेख के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में जब आरोपी ने जो पहचान पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस पुलिस को सौंपे, वे पूरी तरह फर्जी पाए गए। इसके बाद जांच में सामने आया कि वह व्यक्ति भारतीय नागरिक नहीं बल्कि बांग्लादेशी है, जो पिछले डेढ़ साल से कोलकाता के उपनगरीय क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहा था। उसने न केवल फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया था, बल्कि उसी के आधार पर एक निजी कंपनी की गाड़ी भी चला रहा था। कालीघाट थाने की पुलिस ने विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोलकाता में बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी पहचान पत्र और पासपोर्ट बनवाने में मदद करने वाला एक गिरोह सक्रिय है, जिसकी जांच अब तेज कर दी गई है। घटना उस समय प्रकाश में आई जब काली टेंपल रोड और सदानंद रोड के चौराहे पर एक पुलिस अधिकारी की बाइक को तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दी। बाइक चला रहे नेताजीनगर थाने के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अलीपुर स्थित एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया, जिसके दस्तावेजों की जांच में यह चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई।

अब कोलकाता पुलिस न केवल आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है, बल्कि उस पूरे नेटवर्क की भी जांच कर रही है, जो बांग्लादेशियों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत में अवैध रूप से बसने में मदद कर रहा है।



## धर्मतला बस स्टैंड से हथियार तस्करी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

### आरोपी के पास से भारी मात्रा में नकद भी बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने राज्य में हथियार तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए रविवार को धर्मतला बस स्टैंड से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर कपड़ों के बीच सावधानीपूर्वक छिपाकर रखे गए 120 राउंड से अधिक कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में नकद राशि भी जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति लंबी दूरी की बस से धर्मतला पहुंचने वाला है। जैसे ही बस धर्मतला पहुंची, अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया और एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान केतुग्राम निवासी के रूप में हुई है। उसके पास से मेचेदा की एक टिकट भी बरामद हुई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यह तस्करी किसी विस्तृत नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है। फिलहाल आरोपी से मैदान थाने में पूछताछ जारी है। एसटीएफ ने अभी तक उसकी पहचान उजागर नहीं की है। जांच अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि कारतूस कहां से लाए गए थे, उनका इस्तेमाल कहां किया जाना था और इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। शुरुआती जांच से संकेत मिले हैं कि आरोपी कोई बड़ा हथियार तस्करी नेटवर्क चला रहा था या फिर उसका हिस्सा हो सकता है।

# हरिणघाटा पुलिस ने ऑनलाइन ऑर्डर किए गए मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

❑ पुलिस ने कई अन्य मामलों में कई अपराधियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया के हरिणघाटा थाने की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विभिन्न मामलों को सुलझाने के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। संवाददाता सम्मेलन में राणाघाट पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ धपला, कल्याणी के डीएसपी, हरिणघाटा पुलिस स्टेशन के आईसी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पता चला है कि पिछले कुछ समय से हरिणघाटा इलाके में ऑनलाइन ऑर्डर किए गए कई महंगे मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी हो गए। कई घटनाओं में हरिणघाटा पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच के लिए विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। इस घटना में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कई महंगे मोबाइल फोन, लैपटॉप और टैबलेट बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के नाम संजीत प्रसाद, अंकित कुमार सिंह और मोहम्मद सिराज हैं। बताया गया है कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जाएगी ताकि पता लगाया जा सके कि घटना में और कौन-कौन लोग शामिल थे।

वहीं, दूसरी ओर, एक अन्य चोरी के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया। पता चला है कि उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया में सोने और चांदी के आभूषणों की चोरी की घटना हुई है। घटना की जांच करते हुए पुलिस को हरिणघाटा मोहनपुर के पंचपोटा इलाके का निवासी मोहसिन मंडल मिला। शुक्रवार की रात को हरिणघाटा थाने की पुलिस ने गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद उस व्यक्ति के घर पर छापा मारा। वहां तलाशी ली गई तो एक चांदी की चेन और 20 ग्राम सोना बरामद हुआ। इसके बाद, उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार मोहसिन मंडल बेलघरिया में हुई चोरी की घटना में शामिल था। उसने चोरी किए गए कुछ गहने पहले ही बेच दिए थे। उसने बाकी गहने घर पर रख लिये। बताया गया है कि चोरी के जेवरात किसे बेचे गए, इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस ने हरिणघाटा डेयरी फार्म से पानी पंप मशीन की चोरी का भी खुलासा किया। इस घटना में ज्योतिर्मय मंडल नामक व्यक्ति सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



# शादी का झांसा देकर आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी, युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के हाल्टू इलाके से एक फोटोग्राफर युवक को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नरेंद्रपुर थाना पुलिस ने रविवार को आरोपी को हिरासत में लेकर अदालत में पेश किया। गिरफ्तार युवक की पहचान पार्थ दास के रूप में हुई है, जो पेशे से फोटोग्राफर है और हाल्टू इलाके का निवासी है। कुछ महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान नरेंद्रपुर की रहने वाली एक तलाकशुदा महिला से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच घनिष्ठता बढ़ी और वे नरेंद्रपुर थाना क्षेत्र में एक किराए के मकान में साथ रहने लगे। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बनाए और कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें भी चुपके से खींच लीं। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि पार्थ ने शादी का वादा करते हुए उससे लगभग ढाई लाख रुपये की राशि भी अलग-अलग समय पर ली। जब महिला ने अपने पैसे वापस मांगे, तो युवक ने उसकी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी। इसके साथ ही उसने महिला के घर आना-जाना भी कम कर दिया, जिससे महिला को संदेह हुआ और उसने थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए रविवार को पार्थ दास को उसके हाल्टू स्थित घर से गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है।



## कश्मीर की स्थिति पर तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कल मुख्यमंत्री को सौंपेगा रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू-कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने वहां जाकर स्थानीय लोगों से बातचीत की और यहां की स्थिति का भी निरीक्षण किया। इस बार, उस यात्रा की पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, यदि सब कुछ ठीक रहा तो तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा नेता डेरेक ओ ब्रायन मंगलवार को पार्टी नेतृत्व को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। डेरेक ने कश्मीर में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसमें राज्यसभा सांसद नदीमुल हक, ममता बाला ठाकुर, सागरिका घोष और राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुइयां शामिल थे। ममता ने घटना के बाद यह जानने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजा कि ऐसी स्थिति में कश्मीर के लोग कैसे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कश्मीर में तीन दिन बिताए और वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्थानीय पर्यटन व्यापारियों, अस्पतालों में भर्ती घायलों और मृतकों के परिवारों से बातचीत की। तृणमूल प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कश्मीर की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानने के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनके पिता वयोवृद्ध राजनीतिक नेता फारूक अब्दुल्ला के साथ लंबी बैठक की। सूत्रों के अनुसार, इन सभी मुद्दों पर विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी।





## एसएमवीटी बेंगलुरु-मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन

ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **06565/06566 एसएमवीटी बेंगलुरु-मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

| एसएमवीटी बेंगलुरु-मालदा टाउन | | | 06565 06566 | मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तारीख |
| रविवार | - | 23.40 | ↓एसएमवीटी बेंगलुरु | 12.45 | - | शुक्रवार |
| सोमवार | 12.50 | 13.00 | विजयवाड़ा | 22.45 | 22.55 | गुरुवार |
| मंगलवार | 01.45 | 01.50 | भुवनेश्वर | 07.10 | 07.15 | |
| | 09.55 | 10.00 | डानकुनी | 21.55 | 22.00 | बुधवार |
| | 12.25 | 12.27 | बोलपुर शांतिनिकेतन | 19.17 | 19.19 | |
| | 16.30 | - | मालदा टाउन ↑ | - | 16.00 | |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में कृष्णराजपुरम, बंगारापेट, जोलारपेट्टै, काटपाडी जंक्शन, रेणिगुंटा जंक्शन, गुडुर जंक्शन, ओंगोल, राजामंड्री, दुव्वाडा, कोत्तवलसा, विजयानगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड, कटक, भद्रक, बालेश्वर, खड़गपुर, आंदुल, बर्द्धमान, रामपुरहाट एवं न्यू फरक्का स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीख एवं दिन : एसएमवीटी बेंगलुरु से - 06565** दिनांक 01.06, 08.06, 15.06, 22.06 एवं 29.06.2025 (रविवार) **एवं मालदा टाउन से - 06566** दिनांक 04.06, 11.06, 18.06, 25.06.2025 एवं 02.07.2025 (बुधवार) = 5 ट्रिप प्रत्येक। **गठन :** वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-3, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 5, एसएलआरडी - 2 = 21 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बर्दवान में 10 लाख की रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई के हाथों डॉक्टर गिरफ्तार

### तीन स्थानों पर छापेमारी में 45 लाख सहित सोने-चांदी व हीरे के आभूषण भी जब्त

**बर्दवान/कोलकाता :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने सीबीआई ने पूर्व बर्दवान के मीठापुकुर के हाथीसाल इलाके में मीठापुकुर के हाथीसाल इलाके में एक डॉक्टर के घर मीठापुकुर के हाथीसाल इलाके में रातभर छापेमारी की। डॉक्टर के घर की तलाशी शनिवार की रात 11 बजे से रविवार की सुबह 7:30 बजे तक ली गई। करीब आठ सदस्यों का एक केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल बर्दवान शहर के मीठापुकुर के हातिशाल इलाके में डॉक्टर तपन कुमार जाना के घर पहुंचा। आरोप है कि डॉ. जाना ने एक निजी मेडिकल कॉलेज की ओर से रिपोर्ट देने के लिए रिश्वत लिया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस गुप्त सौदे के बारे में पहले ही पता चल चुका था। इसलिए सीबीआई अधिकारियों ने इस डॉक्टर को कथित तौर पर 10 लाख रुपये नकद लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इधर, सीबीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि डॉक्टर ने कर्नाटक के एक निजी मेडिकल कॉलेज की ओर से निरीक्षण रिपोर्ट देने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की थी। सीबीआई अधिकारियों को पहले से सूचना मिल गई थी, इसलिए उन्होंने जाल बिछाया। कर्नाटक के बेलगाम स्थित मेडिकल कॉलेज से दो प्रतिनिधि भुगतान करने आये। डॉक्टर को पैसे लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इसके बाद, डॉक्टर और कर्नाटक के एक निजी मेडिकल कॉलेज के दो प्रतिनिधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जो उसे भुगतान करने आए थे। इसके बाद, डॉक्टर और गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों की बर्दवान, कोलकाता और बेलगाम के तीन इलाकों में तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने तीन स्थानों पर छापेमारी के बाद करीब 45 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। इसके अलावा, बर्दवान स्थित डॉक्टर के घर से 24 लाख की नकदी के अलावा भारी मात्रा में सोने और हीरे के आभूषण बरामद किए गए। अभियान के दौरान घर पर डॉक्टर की पत्नी, जो पेशे से डॉक्टर हैं, उपस्थित थी। वैसे कहा जा रहा है कि गिरफ्तार डॉक्टर का किडनी तस्करी मामले में भी हाथ है लेकिन सीबीआई ने उक्त मामले पर कुछ नहीं कहा है।






# हाईकोर्ट के आदेश पर सहकारी चुनाव, फिर भी जंग का मैदान बना बहरामपुर! पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज

**❑ वर्दीधारियों पर भी हमला करने के आरोप**

**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के डौलताबाद में हाईकोर्ट के आदेश पर हो रहे सहकारी समिति चुनाव के दौरान भारी बवाल मच गया। बहरामपुर के महाराजपुर एसकेयूएस लिमिटेड सहकारी समिति में रविवार को मतदान के दौरान तृणमूल कांग्रेस और बाम-कांग्रेस गठबंधन के बीच जमकर झड़पें हुईं। हालात इस कदर बिगड़े कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मतदान शुरू होते ही दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ने लगा और देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। कुर्सियों की तोड़फोड़ हुई और एक-दूसरे को जमीन पर गिराकर पीटा गया। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि जब आम लोग स्वतःस्फूर्त तरीके से मतदान कर रहे थे, तभी विपक्षी दलों ने हमला कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। वहीं, विपक्ष ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस की मौजूदगी में ही तृणमूल के गुंडों ने उन पर हमला किया और पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

स्थिति बिगड़ने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स को मौके पर भेजा गया। राफ और पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। आरोप यह भी है कि वर्दीधारी पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया गया।


यह चुनाव पांच साल बाद हो रहा था और पहले से ही इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ था। यह सहकारी संस्था अब तक सीपीएम-कांग्रेस गठबंधन के कब्जे में रही है। इस बार तृणमूल और कांग्रेस के कुल 42 प्रत्याशी मैदान में हैं।

हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हिंसा के बावजूद मतदान प्रक्रिया बंद नहीं हुई है और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि मतदान केंद्रों के आसपास किसी भी तरह की भीड़ या उपद्रव बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वाम-कांग्रेस गठबंधन ने दौलताबाद कृषि सहकारिता चुनाव जीता

वाम-कांग्रेस गठबंधन ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के दौलताबाद में महाराजपुर कृषि समबाय (सहकारी) समिति की 43 में से 39 सीट पर जीत हासिल की। कांग्रेस नेताओं ने इसे 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले जनता के मिजाज का संकेत बताया। कांग्रेस नेता मनोज चक्रवर्ती ने कहा कि गठबंधन ने क्रेडिट सोसाइटी में 39 सीट जीती हैं, जबकि टीएमसी को केवल चार सीट पर जीत मिली है। यह सिर्फ शुरुआत है। पिछले महीने धमकी का सामना करने के बावजूद लोग वोट देने के लिए आगे आए। आम आदमी ने टीएमसी को स्पष्ट संदेश भेजा है कि अत्याचार और भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंका जाएगा और यह परिणाम उसी का प्रतिबिंब है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-कांग्रेस गठबंधन ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उनके उम्मीदवारों को चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए बल प्रयोग किया, इसके बावजूद उन्हें बहुमत का समर्थन मिला है। माकपा के एक स्थानीय नेता ने कहा कि नामांकन से लेकर मतदान तक, तृणमूल ने प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की। लेकिन लोगों ने उन्हें उचित जवाब दिया है।

## पूर्व मेदिनीपुर में घर में लटका मिला थिएटर कर्मी का शव



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मीरबाजार स्थित एक आवास से एक थियेटर कर्मी का लटका हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका का नाम दीप्ति पालोधी मैती (62) है। रविवार की सुबह उसका शव कोतवाली पुलिस ने बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दीप्ति सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं। उन्होंने मेदिनीपुर सदर ब्लॉक के केशवपुर प्राइमरी स्कूल में पढ़ाया। वह 2023 में सेवानिवृत्त हुई थी। दीप्ति ने मेदिनीपुर शहर में 'तरुण थिएटर' नामक एक थिएटर समूह द्वारा निर्मित नाटक फेसबुक मैरिज और 'ब्रिचर बेयर' में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई। उनके पति काजल मैती भी एक रंगमंच कार्यकर्ता और वक्ता थे। वह विद्यासागर विश्वविद्यालय के कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु 20 वर्ष पूर्व हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में कई बार आवाज लगाने के बावजूद दीप्ति ने अपने घर का दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद, वह दरवाजा खोलकर अंदर घुसा तो देखा कि वृद्ध महिला का शव छत से लटक रहा था। नौकरानी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया।

## नाबालिग को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म, संगीत शिक्षक गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दासपुर में एक संगीत शिक्षक पर नाबालिग को नशीला पदार्थ देकर और उसे बेहोश कर बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत दर्ज होते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 69 वर्षीय आरोपी आठवीं कक्षा की छात्रा को संगीत सिखाता था। उसने छात्रा को होम्योपैथिक दवा देते हुए कहा कि इससे उसकी गायन आवाज में सुधार आएगी। और उस दवा को लेने के बाद नाबालिग बेहोश हो गई। आरोप है कि उसके साथ इस तरह से दिन-प्रतिदिन दुष्कर्म किया गया। एक व्यक्ति आरोपी को दवा देता था। कथित तौर पर, उस व्यक्ति ने भी नाबालिग से दुष्कर्म किया। उसके खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पता चला है कि नाबालिग संगीत कक्षा से घर लौटने के बाद बीमार पड़ जाती थी। कई दिनों तक ऐसा चलता रहा तो परिवार के सदस्यों को शक हुआ। इसके बाद, नाबालिग छात्रा ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद, परिजनों ने संगीत शिक्षक के खिलाफ दासपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि गायन शिक्षक को पोक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके साथी की तलाश जारी है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी संगीत शिक्षक ने पुलिस पूछताछ के दौरान अपनी करतूत कबूल कर ली है। इस बीच, गायन शिक्षक ने पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने से पहले सभी आरोपों से इनकार किया।

## मुर्शिदाबाद में बांग्लादेशी नागरिकों से भरी गाड़ी के साथ एक भारतीय गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बांग्लादेशी नागरिकों से भरी एक गाड़ी को जब्त कर लिया। वाहन में सवार 8 बांग्लादेशी नागरिकों के साथ-साथ एक भारतीय नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है। यह घटना शनिवार की रात मुर्शिदाबाद थाना क्षेत्र के गौरीबाग ब्रिज के पास की है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन आठों बांग्लादेशी नागरिकों को रानीनगर थाना क्षेत्र निवासी जमाल शेख नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से भारत लाया गया था। पुलिस का मानना है कि यह मामला मानव तस्करी या अवैध घुसपैठ से जुड़ा हो सकता है। पकड़े गए भारतीय नागरिक की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए गहन पूछताछ जारी है। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों में तीन महिलाएं



भी शामिल हैं। इनका संबंध बांग्लादेश के राजशाही, खुलना, नोरेल और सतखीरा जिलों से बताया जा रहा है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि इन सभी को भारत क्यों लाया गया, इनकी मंज़िल क्या थी और इनके पीछे कोई संगठित गिरोह तो नहीं है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विदेशी अधिनियम व भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उन्हें रविवार को जिला अदालत की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने इस कार्रवाई के तहत इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

## फर्जी जन्म प्रमाणपत्र से पासपोर्ट बनाने की कोशिश, बीएड छात्र जाल में फंसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के जरिए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम बादल साहनी बताया गया है, जो इकबालपुर का निवासी है। उसे रविवार को कोलकाता पुलिस के सिक्योरिटी कंट्रोल विभाग ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, बादल ने जिस जन्म प्रमाणपत्र का उपयोग किया था, वह गोसाबा के पठानखाली से जारी किया गया था। दस्तावेज की जांच के दौरान अधिकारियों को उस पर संदेह हुआ। बादल ने इस वर्ष 10 मार्च को पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। जांच में जब अनियमितताएं सामने आईं, तो एससीओ ने बादल को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके जवाबों में



विरोधाभास मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 3 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि बादल बीएड की तैयारी कर रहा था और इसी दौरान उसने जाली दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाने की कोशिश की। गौरतलब है कि इससे पहले भी एक पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद, जो जाली पासपोर्ट रैकेट का सरगना था, को भी जांच एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था।

## राज्य के दो जिलों में दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** राज्य के दो जिलों में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना मुर्शिदाबाद के डोमकल में एक घटना घटी। दूसरा शांतिपुर, नादिया की है। दोनों घटनाओं से एक बार फिर यातायात व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है। मुर्शिदाबाद के डोमकल में सुल्तानपुर के पास डोमकल बाघडांगा रोड पर आज जूट से भरे एक ट्रक के पहिये के नीचे कुचलने से दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम मुरसलीम शेख है, जो जुगिन्दा कामारपाड़ा का निवासी था। दूसरा व्यक्ति, हाजीकुल




बिस्वास, युगिंडा मिया खानपाड़ा में रहता है। पुलिस ने जूट से लदे ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। सड़क पर यातायात जाम किया। इधर, दूसरी ओर, नदिया के शांतिपुर की है। जहां एक बाइक सवार ट्रक के पहिये के नीचे कुचल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की सुबह बथना क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर दो बाइक सवार जा रहे थे। तभी आमों से लदी एक ट्रक आई और उसने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। घायल की मौके पर मौत हो गई। दूसरे सवार को बचा लिया गया और अस्पताल ले जाया गया। उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। शांतिपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। दोनों ही हादसों के मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सेंटरम ने ब्रांड एंबेसडर अनुष्का शर्मा के साथ लॉन्च किया नया एनर्जी ड्रिंक मिक्स 'सेंटरम रिचार्ज'

**कोलकाता, समाज्ञा**

Centrum

मल्टीविटामिन सपोर्ट के लिए प्रसिद्ध ब्रांड सेंटरम ने अपना नया उत्पाद सेंटरम रिचार्ज लॉन्च किया है। यह एक ऐसा एनर्जी ड्रिंक मिक्स है जो ऊर्जा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करता है, और इसमें 13 आवश्यक विटामिन और मिनरल्स शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ ही ब्रांड ने बॉलीवुड अभिनेत्री और अपने ब्रांड एंबेसडर अनुष्का शर्मा के साथ मिलकर एक व्यापक मल्टीमीडिया कैंपेन की भी शुरुआत की है। सेंटरम रिचार्ज एक शुगर-फ्री एनर्जी ड्रिंक मिक्स है, जिसमें विटामिन बी.सी मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व शामिल हैं। हेलियन आईएससी के कैटेगरी लीड अतिश नेगी ने कहा कि यह प्रोडक्ट आज की व्यस्त जीवनशैली वाले लोगों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। वहीं, अनुष्का शर्मा ने भी इस पहल से जुड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उत्पाद ऊर्जा बनाए रखने के लिए आदर्श है। सेंटरम रिचार्ज अब ऑरेंज फ्लेवर में 10 प्रति सैशे की कीमत पर फार्मेसी, ग्रोसरी स्टोर्स, सुपरमार्केट और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

## मणिपाल हॉस्पिटल्स ने हाबरा की 70 वर्षीय महिला को दिया नया जीवन

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के उपनगरीय नगर पालिकाओं में ज़्यादातर लोग स्वतंत्र कैथ लैब या डायग्नोस्टिक सेंटर पर निर्भर हैं, जहां अगले चरण के रेफरल या जटिलताओं के त्वरित समाधान की कमी के कारण अक्सर बहुमूल्य समय बर्बाद हो जाता है। लेकिन अब मणिपाल अस्पताल उत्तर 24 परगना के मरीजों के लिए आशा का केंद्र बन रहा है। पूर्वी भारत में सर्वोत्तम हृदय देखभाल उत्कृष्टता के प्रति मणिपाल अस्पताल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, मणिपाल अस्पताल, मुकुंदपुर में कार्डियोलॉजी के कंसल्टेंट और प्रभारी डॉ. सौम्या पात्रा ने हाबरा की एक 70 वर्षीय महिला पर की गई एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया को साझा किया, जिन्हें हृदय गति रुकने के कारण सांस लेने में गंभीर कठिनाई के साथ भर्ती कराया गया था। उनके इलाज के लिए टीएवीआई (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन) नामक एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया का विकल्प चुना गया था, जो छाती में चीरा लगाए बिना वाल्व प्रतिस्थापन की सुविधा देता है। प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद, वह ठीक हो गई और मात्र दो दिनों के भीतर घर लौट आई।

## चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग ने आयोजित किया निवेशक जागरूकता अभियान 'भरोसे की चॉइस'

**कोलकाता :** चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग ने अपनी प्रमुख पहल 'भरोसे की चॉइस' के तहत कोलकाता में एक प्रभावशाली निवेशक जागरूकता अभियान आयोजित किया, जिसका उद्देश्य निवेश में पुन: विश्वास जगाना और वित्तीय शिक्षा के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाना था. यह आयोजन फाइनेंस को हर भारतीय के लिए समावेशी, सुलभ और विश्वास पर आधारित बनाने के कंपनी के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कमल पोद्दार ने कहा, "यह आयोजन हमारे मिशन का अगला कदम है, जो वित्तीय बाधाओं को तोड़ने और निवेशकों की एक अधिक आत्मविश्वास से भरी पीढ़ी बनाने की दिशा में उठाया गया है। वित्तीय साक्षरता एक सुरक्षित जीवन की नींव है। हम लोगों को उनके वित्तीय भविष्य पर आत्मविश्वास के साथ नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक उपकरण और जागरूकता प्रदान करने को प्रतिबद्ध हैं।

## माथाभांगा में गृहिणी ने प्रेमी के साथ की आत्महत्या

**कूचबिहार :** जिले के माथाभांगा में एक प्रेमी जोड़े के लटकते शब बरामद होने से व्यापक उत्तेजना है। दोनों के शव रविवार की सुबह मावाभांगा एक नंबर ब्लॉक के नयारहाट ग्राम पंचायत के चॉंगरखाता खगड़ीबाडी के धनेर बाड़ी इलाके से बरामद किए गए। दोनों के विवाहित होने की बात ज्ञात है। घर पर बच्चे भी है। क्षेत्र के कई लोगों का मानना है कि उन्होंने सम्भवतः रिश्तों की जटिलताओं के कारण आत्महत्या की होगी। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या मौत किसी अन्य कारण से हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरती बर्मन और खोखन वर्मन लंबे समय से विवाहेतर संबंध में थे। यह बात क्षेत्र में भी प्रसिद्ध हो गई थी। उस दिन जैसे ही उनके शव बरामद हुए, इलाके में हंगामा मच गया। मृतक महिला आरती बर्मन उसी इलाके में रहती है। उनके पति निरोध बर्मन एक विदेशी राज्य में प्रवासी श्रमिक के रूप में काम करते हैं। यह खबर उन तक भी पहुंब गई है। दूसरी ओर, आरती का प्रेमी खोफोन बर्मन (प्रोसेनजीत) गोपालपुर ग्राम पंचायत के भोगरामगुरी इलाके में रहता है। खोकोन पेशे से टोटो चालक है। दोनों की मौत से दोनों परिवारों पर दुख या साया छा गया है। स्थानीय निवासी सुशील बर्मन का कहना है कि विवाहेतर संबंधों के कारण उन्होंने आत्महत्या की। वे लंबे समय से विवाहेतर संबंध में थे। ऐसा संभवतः बहा की जटिलता के कारण किया गया होगा। खबर मिलते ही नयारहाट शिबिर से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## महिला यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर सियालदह मंडल की बड़ी पहल

**कोलकाता, समाज्ञा**

महिला यात्रियों के लिए एक सुरक्षित, सुगम और बेहतर परिवहन अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में सियालदह रेल मंडल सतत प्रयासरत है। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मंडल ने महिला डिब्बों और विशेष ट्रेनों में रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की है। अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और थ्री-फेज आईसीएफ कोचों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। महिला सुरक्षा को मजबूत करने हेतु उपनगरीय स्टेशनों पर क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वाड की तैनाती की गई है। इसके अलावा, सियालदह स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म अब 12-कोच ट्रेनें समायोजित करने में सक्षम हो गए हैं। इससे लगभग 950 ईएमयू ट्रेनों को 12 कोच के साथ चलाया जा रहा है, जिससे यात्री क्षमता में 33% वृद्धि हुई है।

बढ़ती महिला भीड़ को देखते हुए सियालदह मंडल ने सभी लोकल ट्रेनों में एक अतिरिक्त महिला डिब्बा जोड़ा है। अब हर लोकल ट्रेन में तीन महिला डिब्बे चल रहे हैं, जिससे महिलाओं के लिए सीटों की उपलब्धता में 50% का इजाफा हुआ है। साथ ही, पिक ऑवर में राहत देने हेतु 12 'मातृभूमि लोकल' ट्रेनें नॉर्थ, मेन और साउथ सेक्शन में चलाई जा रही हैं। मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना के नेतृत्व में यह मंडल मिशन मोड पर कार्य कर रहा है। महिला डिब्बों में पुरुषों का प्रवेश प्रतिबंधित है और रेलवे अधिनियम की धारा 162 के तहत दोषियों पर 500 तक जुर्माना या टिकट जब्ती की सजा हो सकती है। वहीं, 'रेल रोको' जैसे आंदोलनों पर भी कड़ी कार्रवाई संभव है, जिसमें 5 वर्ष तक की सजा या 2000 तक जुर्माना शामिल है।

सियालदह की उपनगरीय सेवाएं कोलकाता की जीवनरेखा हैं, जो उत्तर व दक्षिण 24 परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद, हावड़ा और हुगली को शहर से जोड़ती हैं। रेलवे संचालन की गति और क्षमता को बेहतर बनाकर यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव दिलाने का प्रयास जारी है।

## दो नई गाड़ियों का परिचालन होगा प्रारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन का फैसला लिया गया है जिसमें एक वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा भी शामिल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दाहोद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन दोनों एक्सप्रेस गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गाड़ी संख्या 26901 साबरमती वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जाएगा। गुरुवार को इस ट्रेन का परिचालन नहीं होगा। प्रतिदिन यह गाड़ी सुबह 05.25 बजे साबरमती स्टेशन से खुलेगी और चांदलोडिया, विरमगाम, राजकोट, जूनागढ़ होते हुए दोपहर 12:25 पर वेरावल स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 26902 प्रतिदिन दोपहर बाद 14:40 पर वेरावल स्टेशन से खुलेगी और जूनागढ़ राजकोट, विरागम होते हुए 21:35 पर साबरमती स्टेशन पहुंचेगी। चांदलोडिया स्टेशन पर अभी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डेवलपमेंट के काम हो रहे हैं जिनका पूरा किए जाने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस का वाणिज्यिक ठहराव चांदलोडिया स्टेशन पर प्रारंभ होगा। गुजरात में यात्रियों की सुविधा के लिए दूसरी एक्सप्रेस गाड़ी वलसाड दाहोद एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19011 प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे वलसाड स्टेशन से खुलेगी और बीलीमोरा, नवसारी, सूरत वडोदरा, गोधरा होते हुए 11:05 पर दाहोद स्टेशन पहुंचेगी वापसी में यह गाड़ी दाहोद स्टेशन से 11:55 पर खुलेगी और 20:05 पर वलसाड स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 17 कोच होंगे। ट्रेन में एग्जीक्यूटिव क्लास का एक कोच, थर्ड एसी का चार कोच और सेकंड क्लास के 10 कोच लगाए जाएंगे। इसके अलावा गार्ड सह पार्सल वान के दो कोच होंगे। एक गार्ड वान में दिव्यांग यात्रियों के बैठने की सहूलियत प्रदान की जाएगी।

## समाजसेवी राकेश वर्मा पुनः बनाये गये पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के मुख्य संरक्षक मा. डा. इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी द्वारा प्रदेश अध्यक्षगण की नियुक्तियों सहित संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गयी जिसमें कोलकाता के मटियाब्रूज निवासी समाजसेवी एवं भाजपा नेता राकेश वर्मा को पुनः पश्चिम बंगाल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने हमे बताया कि वह लंबे समय से संगठन द्वारा दिये गये विभिन्न दायित्व का पालन कर रहे है पिछले 12 वर्षो से संगठन द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है, जनसंख्या नियंत्रण कानून और यूनिफार्म सिविल कानून बनवाना तथा वक्फ बोर्ड की पूर्ण समाप्ति सहित सनातन समाज के समक्ष उपस्थित तमाम चुनौतियों के समाधान हेतु सतत कार्य करना संगठन का उद्देश्य है। हमारा अंतिम लक्ष्य हिन्दू राष्ट्र की विधिवत घोषणा है। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजिका ममता सहगल, एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें पुनः प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व विश्वास करके सौपा।

## हावड़ा डिविजन ने 100वीं वर्षगांठ भव्य कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक उत्सवों के साथ संपन्न की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिविजन ने अपनी 100वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। 1925 में स्थापित इस डिविजन ने शताब्दी समारोह के तहत 18 अप्रैल से विभिन्न स्टेशनों, कालोनियों और परिसरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह उत्सव 24 मई को सियालदह के डॉ. बी. सी. रॉय ऑडिटोरियम में भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने दीप प्रज्वलित कर की। इस समारोह में ईआरडबल्यूडबल्यू के अध्यक्ष सीमा देउस्कर, मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी, एमआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष बी. श्रीलता, हावड़ा के डीआरएम




संजीव कुमार और पश्चिम बंगाल सर्किल के पोस्टमास्टर जनरल ऋजु गांगुली उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक पोस्टल स्पेशल कवर जारी किया गया, जिसका अनावरण प्रमुख अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा, हावड़ा डिविजन की विरासत और सतत विकास को दर्शाते हुए कॉफी टेबल बुक और स्मारिका भी लॉन्च की गई। कार्यक्रम में शताब्दी समारोह की गतिविधियों पर स्लाइड प्रस्तुति और हावड़ा डिविजन कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने समारोह में उत्साह बढ़ाया। डिविजन के पूर्व डीआरएम सोमनाथ मुखर्जी, सुमित नरुला और मनीष जैन का भी सम्मान किया गया। शताब्दी समारोह को यादगार बनाने के लिए प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, पर्यावरण मित्र जूट बैग वितरण, और बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। राजधनी इंजन को भी डिविजन की ऐतिहासिक तस्वीरों से सजाया गया। अपने संबोधन में डीआरएम संजीव कुमार ने डिविजन की शताब्दी यात्रा की भूमिका और सभी कर्मचारियों के योगदान को याद किया। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने भी सभी की मेहनत और भागीदारी की सराहना की तथा शताब्दी समारोह को रेलवे सेवा की समर्पित एकता और गर्व का प्रतीक बताया।

## दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों का होगा शुभारंभ, पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की गई है, जिनमें एक वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दोनों ट्रेनों को दाहोद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पहली गाड़ी, गाड़ी संख्या 26901 साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस, सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। गुरुवार को इसका परिचालन नहीं किया जाएगा। यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 05:25 बजे साबरमती स्टेशन से रवाना होकर चांदलोडिया, विरमगाम, राजकोट और जूनागढ़ होते हुए दोपहर 12:25 बजे वेरावल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 26902 दोपहर 14:40 बजे वेरावल से रवाना होगी और रात 21:35 बजे साबरमती पहुंचेगी। चांदलोडिया स्टेशन पर वर्तमान में 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत विकास कार्य जारी हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस का वाणिज्यिक ठहराव चांदलोडिया स्टेशन पर शुरू किया जाएगा।

गुजरात के यात्रियों को दूसरी नई ट्रेन के रूप में वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस की सौगात मिलेगी। गाड़ी संख्या 19011 प्रतिदिन सुबह 05:15 बजे वलसाड स्टेशन से रवाना होकर बीलीमोरा, नवसारी, सूरत, वडोदरा और गोधरा होते हुए सुबह 11:05 बजे दाहोद पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी 11:55 बजे दाहोद से चलकर शाम 20:05 बजे वलसाड लौटेगी। इस ट्रेन में कुल 17 कोच होंगे, जिनमें एक एग्जीक्यूटिव क्लास, चार थर्ड एसी, दस सेकंड क्लास और दो गार्ड सह पार्सल वैन कोच शामिल होंगे। एक गार्ड वैन में दिव्यांग यात्रियों के बैठने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# हावड़ा के मॉडर्न मंगलाहाट में लगी भीषण आग, 17 घायल

## दमकल की आठ इंजन की मदद से पाया गया आग पर काबू



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा थाना अंतर्गत नित्याधन मुखर्जी रोड पर मंगलाहाट बाजार की एक बिल्डिंग के गोदाम में रविवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। आग की खबर मिलते ही पुलिस और दमकल की कुल आठ इंजन पहुंची और डेढ़ घंटे की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में 17 लोगों के घायल होने की खबर है। ये सभी इसी इमारत में थे और जल्दी नीचे उतरने के दौरान गिरने से घायल हो गये। हालांकि, सभी की हालत खतरे से बाहर है। आग कैसे लगी, इसका खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि, दमकल कर्मियों ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। जानकारी के अनुसार, हावड़ा मैदान के बंगवासी मोड़ के पास मॉडर्न हाट नामक एक बहुमंजिली इमारत है। इस इमारत में मंगलाहाट में दुकान लगाने वाले व्यवसायियों की दुकान और गोदाम है। मंगलवार को दुकान लगाने के लिए सोमवार दोपहर तक यहां व्यवसायी पहुंच जाते हैं। इस दिन, सुबह करीब 10 बजे इमारत की चौथी मंजिल से आग की लपटें और धुंआ निकलते देखा गया। यह सुनते ही भगदड़ की स्थिति मच गयी। इमारत के अंदर रहने वाले नीचे उतरने के चक्कर में घायल हो गये। मौके पर पुलिस पहुंची और इसके बाद एक-एक कर दमकल की आठ इंजन घटनास्थल पर पहुंची। पूरे इमारत के बिजली कनेक्शन को डिस्कनेक्ट किया गया। इसके बाद, आग बुझाने का काम शुरू हुआ। दमकल कर्मियों ने बताया कि आग चौथी मंजिल पर स्थित एक गोदाम में लगी थी। आग ने पूरी गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को तुरंत काबू में कर लिया गया। घटना की खबर पाकर मंत्री अरूप राय मौके पर पहवे। राय ने कहा कि उन्होंने इस घटना के जांच के आदेश दिये हैं।

# नरेंद्रपुर में मैदान कब्जे को लेकर हिंसक झड़प, क्लब सदस्य पर जानलेवा हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** मैदान पर कब्जे को लेकर दो गुटों के बीच हुए विवाद ने शनिवार देर रात हिंसक रूप ले लिया। राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका के गरागाछा इलाके में स्थित एक क्लब में घुसे हमलावरों ने क्लब सदस्य पर बंदूक तान दी और ईंट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद नरेंद्रपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है, हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान संजय नस्कर के रूप में हुई है, जो क्लब का सक्रिय सदस्य है। बताया गया है कि घटना के समय वह क्लब में अकेला मौजूद था। आधी रात को कुछ



अज्ञात युवक क्लब में घुसे और संजय पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके मुंह में बंदूक डालकर धमकाया और सिर पर ईंट से वार किया। साथ ही, क्लब में तोड़फोड़ करते हुए ट्रॉफियों, कुर्सियों और टेबल को भी नुकसान पहुंचाया।

क्लब के सचिव अमित हालदार ने बताया कि विवाद की जड़ क्लब के सामने स्थित मैदान है, जिसे एक गुट जबरन कब्जा करना चाहता था। माप-जोख का काम शुरू भी कर दिया गया था, जिसका क्लब सदस्यों ने विरोध किया। इसके बाद ही यह हमला हुआ। क्लब की ओर से आरोप लगाया गया है कि इस हमले में बप्पा गुचाइत, बप्पी हाजरा और प्रताप मिश्रा सहित कई युवक शामिल थे। घायल संजय ने इन युवकों के खिलाफ थाना में लिखित शिकायत दी है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश में पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है।

# भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के दो साल बाद मुख्य आरोपी को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिला अंतर्गत मयना के बाकचा क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष विजयकृष्ण भुइंया की हत्या के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने तृणमूल कांग्रेस के अंचल अध्यक्ष मनोरंजन हाजरा को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में कुल 35 तृणमूल नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिनमें ब्लॉक सह-अध्यक्ष अमिताभ भांज और मनोरंजन हाजरा जैसे वरिष्ठ नाम शामिल थे। इससे पहले एजेंसी नौ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह मामला कोलकाता की नगर दायरा अदालत में लंबे समय से विचाराधीन है। अदालत ने पूर्व में मनोरंजन हाजरा समेत अंचल और बूथ स्तर के नेताओं बुद्धदेव मंडल, कमल खुटिया और स्वप्न भौमिक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 3 अप्रैल को अदालत में पेश न होने पर उनके विरुद्ध हुलिया जारी कर दिया गया। 21 अप्रैल को एनआईए ने बाकचा पंचायत क्षेत्र में उनके नाम के सार्वजनिक नोटिस चस्पा किए, बावजूद इसके आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुए। इस बीच, करीब एक सप्ताह पूर्व एनआईए ने मनोरंजन हाजरा के बड़े बेटे को हिरासत में लिया था, हालांकि उसका नाम प्राथमिकी में नहीं था। पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया, लेकिन उसने कथित तौर पर एजेंसी पर शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। शुक्रवार रात हाजरा को बाकचा से हिरासत में लेने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि उन्होंने एनआईए कार्यालय में आत्मसमर्पण किया था। पार्टी का कहना है कि गिरफ्तारी से पहले जारी नोटिस में अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया था और अनुपस्थिति के चलते संपत्ति कुर्की की आशंका थी इसलिए मनोरंजन हाजरा ने आत्मसमर्पण का रास्ता चुना। फिलहाल, मामले में नामजद अन्य कई आरोपी अब भी फरार हैं और एनआईए की कार्रवाई लगातार जारी है।

# 10 हजार रुपये देकर राज्य में बांग्लादेशी नागरिकों के बने वोटर कार्ड!

## तृणमूल विधायक ने प्रशासनिक अधिकारी पर लगाया रुपये लेकर वोटर कार्ड बनाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बांग्लादेशियों के घुसपैठ कोई नयी बात नहीं है। यही नहीं, बांग्लादेशी घुसपैठियों ने बंगाल में आधार से लेकर वोटर आई कार्ड तक बनावा चुके हैं। ऐसा ही मामला अब सामने आया है। अब एक बांग्लादेशी नागरिक ने आरोप लगाया कि उसने 10 हजार रुपये देकर वोटर आई कार्ड बनवाए हैं। उस बांग्लादेशी नागरिक ने एक बांग्ला न्यूज चैनल से कहा कि उसने वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए एक तृणमूल नेता को दस हजार रुपये दिए थे। हालांकि, उसके तृणमूल नेता का नाम नहीं बताया। इस आरोप से



राजनीति गरमा गई है। कहा जा रहा है कि कई लोगों ने पैसे देकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराया है। ऐसा ही एक मतदाता सुजन सरकार ने कहा कि हम यहां 35-36 साल से रह रहे हैं। हमारे पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, लेकिन हमारे पास आधार कार्ड है। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी पहले मतदाता बन गई थी। मैंने बहुत पहले अपने दस्तावेज जमा दिए थे, लेकिन नहीं बन पाए। बाद में, मैंने तृणमूल नेता को दस हजार रुपए दिए, लगभग चार-पांच साल हो गए हैं। इसके बाद, वोटर लिस्ट में नाम चढ़ गया। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी का कहना है कि उन्होंने पहले ही इस मुद्दे को उठाया था। एसडीओ काकदीप मधुसूदन मंडल, डीएम सुमित गुप्ता इसमें शामिल हैं। यह मामला सीबीआइ को दिया जाना चाहिए। वहीं, तृणमूल प्रवक्ता अरूर मुखर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी ने फर्जी मतदाता के खिलाफ आवाज उठाई है। फर्जी वोटरों के मामले में आरोपितों के खिलाफ पहले ही एफआइआर दर्ज हो चुकी है।

इन आरोपों के बीच काकद्वीप के तृणमूल विधायक मंटूराम पाखिरा ने भी आरोप लगाया कि रुपये लेकर कुछ सरकारी कर्मचारी अवैध लोगों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज किए हैं। पाखिरा का आरोप है कि काकद्वीप एसडीओ और बीडीओ कार्यालय के कर्मचारी रुपये लेकर अवैध काम कर रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ा रैकेट है। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से यहां आ रहे हैं और कुछ दलालों और काकद्वीप के एसडीओ और बीडीओ कार्यालयों के लोगों ने ये अनियमितताएं की हैं। प्रशासन को उनका पता लगाना चाहिए। यह लाखों रुपये का खेल है। उन्होंने पैसे के बदले में ये कार्ड बनाए हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि यह रैकेट ही काकद्वीप के तीन पंचायत क्षेत्रों में मतदाताओं में असामान्य वृद्धि का मूल कारण है। मंटूराम पाखिरा की शिकायत मुख्य रूप से बांग्लादेश से आये मछुआरों के खिलाफ है। वहां लंबे समय तक रहने के बाद वे लोग धोखाधड़ी के जरिए पैसे देकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं।



मुनि श्री जिनेश कुमारजी के सान्निध्य में तेयुप पूर्वांचल द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डेंटल केयर में सीटीस्कैन मशीन का उद्घाटन ओम जालान द्वारा सम्पन्न; उपस्थित रहे भीखम चंद सुशीला पुगलिया, तारा देवी सुराना, सुशील हीरावत अभातेयुप अध्यक्ष रमेश डागा, महामंत्री अमित नाहटा, आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डेंटल केयर राष्ट्रीय प्रभारी सौरभ मुणोत, परिषद प्रभारी विकास बोथरा, पूर्वांचल तेयुप अध्यक्ष नवीन सिंघी, संयोजक रवि दुगड़, सचिव मुकेश सेठिया आदि

# भांगड़ में फिर भारी मात्रा में गांजा बरामद, चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की उत्तर काशीपुर थाने की पुलिस ने एक बार फिर भांगड़ में भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पता चला है कि पुलिस ने भांगड़ के सोनपुर इलाके में नाका चेकिंग के दौरान एक टैक्सी को रोकाऔर फिर टैक्सी की डिक्की खोली तो उसमें छह बैग देखे, जिसमें बहुत भारी मात्रा में गांजा रखा था। पुलिस ने इस घटना में टैक्सी चालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीन युवक नदिया जिले से दमदम स्टेशन आये थे। वहां से उन्होंने न्यूटाउन स्थित एक्काटिका जाने के लिए एक सफेद टैक्सी बुक की। फिर, हड़ोआ के रास्ते में सोनपुर के पास एक चौकी पर पुलिस ने



टैक्सी को रोक लिया। जैसे ही कार की डिक्की खोली, एक-एक करके छह बैग निकले, जिसमें भारी मात्रा में गांजा रखा था। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से गांजा के साथ चार मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोग इस गांजा के साथ कहां जा रहे थे? पुलिस ने घटना की गहन जांच शुरू कर दी है।

# नदी में डूबे चार, दो के शव बरामद, दो की तलाश जारी

**❑ जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में मची अफरातफरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

**हुगली :** जिले में रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर हुई दुखद घटनाओं में कुल चार लोग गंगा नदी में डूब गए। इनमें से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। पहली घटना श्रीरामपुर के सुर्खितला घाट पर और दूसरी घटना सेवड़ाफुली के निस्तारिणी काली मंदिर घाट पर घटी।

**❑ श्रीरामपुर में एक साथ डूबे तीन**

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोस्पेल स्कूल के पास सुर्खितला घाट पर नहाने के दौरान दो किशोरियां और एक किशोर गंगा में डूब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 13 वर्षीय अंजली महतो और 16 वर्षीय निशा राय नदी में नहाने उतरी। वह नदी में डूबने लगी। उन्हें चीखते चिल्लाते देख पास ही खड़ा 17 वर्षीय रोहन प्रसाद ने उन्हें बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। लेकिन दुर्भाग्यवंश तीनों देखते ही देखते नदी की तेज धारा में बह गए। सूचना मिलते ही श्रीरामपुर थाने की पुलिस और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचा। लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों और स्पीडबोट की सहायता से निशा और रोहन के शव बरामद किए गए। दोनों को तुरंत वॉल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं अंजली महतो की तलाश अब भी जारी है।

स्थानीय पार्षद शांता गांगुली ने बताया कि रोहन ने बहादुरी दिखाते हुए डूबती लड़कियों को बचाने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश वह खुद भी जलधारा में बह गया। मौके पर श्रीरामपुर थाने की पुलिस के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, पार्षद



पार्थ सारथी गुप्ता और रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा मौजूद रहे। विजय सागर मिश्रा ने कहा कि यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जो चला गया उसे वापस तो नहीं लाया जा सकता लेकिन घाट पर सुरक्षा के प्रबंध कर भविष्य में ऐसी अनहोनी घटना को रोका जा सकता है। इससे पहले भी इसी घाट पर पिता पुत्र की डूबने से मौत हुई थी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घाट की अंतिम सीढ़ियों के नजदीक एक भंवर नुमा गड्ढा है। अज्ञातवश नदी में नहाने के दौरान उस गड्ढे में गिरने से मौत होती है। इसको लेकर प्रशासन को सूचित किया गया लेकिन प्रशासन उदासीन बना हुआ है। वहीं कुछ अन्य लोगों ने बताया कि जिन्हें नदी में तैरना नहीं आता वे स्नान करने चले आते है जागरूकता के संचार के बावजूद लोग संवेदनहीन बने हुए हैं।

**सेवड़ाफुली में गंगा स्नान के दौरान युवक लापता**

दूसरी घटना सेवड़ाफुली के निस्तारिणी काली मंदिर घाट पर घटी, जहां 21 वर्षीय प्रीतम दास गंगा स्नान के दौरान डूब गया। प्रीतम हरिपाल के नारायणपुर गांव का निवासी था और गांव में होने वाली काली पूजा के आयोजन की तैयारी के लिए गंगाजल लेने आया था। वह रविवार सुबह पांच बजे की ट्रेन से सेवड़ाफुली पहुंचा था।

प्रीतम के चचेरे भाई मुकुल दास ने बताया कि हाल ही में उसे कोलकाता में नौकरी मिली थी और पूजा से पहले वह गंगा स्नान कर गंगाजल लेकर लौटना चाहता था। स्नान के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

सूचना मिलने पर सेवड़ाफुली फाड़ी की पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम मौके पर पहुंची। स्पीडबोट की मदद से युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिला था।

**❑ सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

घटनाओं के बाद घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जो चला गया उसे वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन घाटों पर उचित सुरक्षा व्यवस्था कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है, उन्होंने कहा।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि घाटों पर जीवन रक्षक उपकरण, चेतावनी बोर्ड और तैराकों की तैनाती अनिवार्य की जाए ताकि ऐसी त्रासदियों को दोहराने से रोका जा सके।

# डॉग स्क्वायड के पुलिस कर्मियों के लिए विशेष भत्ता की मांग पर नवान्न को भेजा गया प्रस्ताव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस निदेशालय ने डॉग स्क्वायड में शामिल पुलिस कर्मियों के लिए जोखिम भत्ता शुरू करने की पहल की है। इस आशय का एक प्रस्ताव हाल ही में उनकी ओर से नवान्न को भेजा गया था। खबर है कि इस संबंध में प्रशासनिक स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। दूसरी ओर, नवान्न में एक स्थायी कुत्ता नियंत्रण दस्ता बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया है। आमतौर पर, इस विभाग के पुलिस कर्मी वीआईपी ड्यूटी से लेकर किसी बड़े नेता या मंत्री के आगमन से पहले कुत्तों की जांच करते हैं। इसके अतिरिक्त,



विस्फोट या तोड़फोड़ की स्थिति में श्वान दस्ता भी समय पर पहुंच जाता है। परिणामस्वरूप, पुलिस कल्याण समिति ने माना है कि इस विभाग में पुलिस कर्मियों के काम पर जोखिम है। इसके बाद, समिति ने उन्हें जोखिम भत्ते के अंतर्गत शामिल करने का प्रस्ताव रखा। तदनुसार, यह पता चला है कि पुलिस निदेशालय द्वारा नवान्न को एक प्रस्ताव भेजा गया था। डॉग स्क्वायड कर्मियों को जोखिम भत्ते के अंतर्गत शामिल करने के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। यह ध्यान देने योग्य है कि ऐसे जोखिम भरे काम में शामिल अन्य इकाइयों के कर्मचारियों को 18 प्रतिशत भत्ता मिलता है।

हालांकि, इससे पहले डॉग स्क्वायड कर्मियों के लिए कोई विशेष भत्ता व्यवस्था नहीं थी। बताया गया है कि वित्त और गृह विभाग के अधिकारी पहले ही इस मुद्दे पर बात कर चुके हैं।

# अधिसूचना जारी होते ही ममता के भत्ते की घोषणा को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में मामला दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अधिसूचना जारी होते ही कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक मामला दायर कर बेरोजगार ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के निर्णय को चुनौती दी गई है। नौकरी से वंचित अभ्यर्थियों ने न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ के समक्ष मामला दायर किया है। वादी के वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि किस कानून के तहत भ्रष्टाचार के कारण नौकरी गंवाने वालों को टैक्स के पैसे से भत्ते दिए जा सकते हैं। वादी पक्ष के वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण अपनी नौकरी खो चुके लोगों को जनता के टैक्स के पैसे से भत्ते कैसे दिए जा सकते हैं? राज्य सरकार की मांग है कि समीक्षा याचिका के निपटारे तक यह भत्ता दिया जाए। लेकिन अगर पुनर्विचार याचिका में अदालत का फैसला नहीं बदला गया तो क्या राज्य सरकार उनसे पैसे वापस लेगी? उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। बताया गया है कि आजीविका एवं सामाजिक सुरक्षा अंतरिम योजना 2025 नामक परियोजना के तहत यह भत्ता अप्रैल से प्रदान किया जाएगा। और अधिसूचना जारी होते ही राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया।

## यदि आपको डायबिटीज है तो थायरॉइड को मैनेज करना है बेहद महत्वपूर्ण

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में हर 11वां व्यक्ति डायबिटीज और हर 10वां व्यक्ति थायरॉइड की समस्या से पीड़ित है, लेकिन बहुत कम लोगों को इन दोनों बीमारियों के आपसी संबंध की जानकारी होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित हर चार में से एक व्यक्ति को हाइपोथायरॉइडिज्म भी होता है। इस संदर्भ में डॉ. नेहा अग्रवाल, कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हेल्थवर्ल्ड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्गापुर, ने कहा, थायरॉइड की समस्याओं को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, और बहुत से लोगों को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह समस्या है। डायबिटीज से ग्रस्त कई लोगों को थायरॉइड की समस्या हो सकती है, लेकिन इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। ये लक्षण थकान, भूलने की बीमारी, नींद में परेशानी, वजन बढ़ना, कब्ज, सूखी त्वचा, ठंड बर्दाश्त न होना, मांसपेशियों में ऐंठन या आंखों में सूजन हो सकते हैं।

# हावड़ा मंडल की इंजीनियरिंग टीम ने जलभराव की समस्या का किया त्वरित समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने पाकुड़ स्थित एलएचएस संख्या 38 पर 23 मई को उत्पन्न जलभराव की समस्या का प्रभावी और समयोचित समाधान कर अपनी दक्षता और जनसुरक्षा प्रतिबद्धता साबित की है। लगातार हुई भारी वर्षा के कारण यहां लगभग 125 मिमी तक जलभराव हो गया था, लेकिन इंजीनियरिंग टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते मात्र 30 मिनट के अंदर जलभराव पर नियंत्रण पा लिया गया। इस काम में दो 10 हॉर्सपावर की उच्च क्षमता वाले पंप और एक अतिरिक्त 5 हॉर्सपावर का पंप तत्काल सक्रिय कर जल निकासी की गई, जिससे पानी तेजी से हट गया और वर्षा रुकते ही स्थल सूखा हो गया। जलभराव के दौरान और बाद में



समस्या पर 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के लिए दो समर्पित कर्मियों को तैनात किया गया है। हावड़ा मंडल में कुल 210 एलए-चएस और रोड अंडर ब्रिज हैं, जिनमें से 59 स्थानों पर जलभराव की संभावना रहती है। इन स्थलों की सतत निगरानी की जाती है तथा सभी पर स्थायी पंपिंग व्यवस्था मौजूद है। भारी वर्षा के समय सुरक्षा के लिए इन एलएचएस को चेनिंग प्रणाली के माध्यम से बंद किया जाता है ताकि वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके और सुरक्षा सुनिश्चित हो। साथ ही, प्रत्येक स्थान पर ग्राउंड स्टाफ तैनात रहता है जो रियल-टाइम निगरानी एवं आपात स्थिति में त्वरित समाधान करता है।

पाकुड़ एलएचएस संख्या 38 पर इस त्वरित और सफल कार्रवाई से हावड़ा मंडल की इंजीनियरिंग टीम की सक्रियता और समर्पण झलकता है, जो प्रतिकूल मौसम में न्यूनतम व्यवधान और आधारभूत संरचना की मजबूती बनाए रखने के लिए निरंतर काम कर रही है।

# बदलते परिवेश में परिवार एवं व्यवसाय में सफलता के सूत्र विषय पर संगोष्ठी, डॉ. उज्ज्वल पाटनी ने दिए प्रेरक सूत्र

**कोलकाता :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा कोलकाता स्थित जी. डी. बिड़ला सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई। विषय था - बदलते परिवेश में परिवार एवं व्यवसाय में सफलता के सूत्र।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शिवकुमार लोहिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज का योगदान सिर्फ व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक हर क्षेत्र में इसकी अहम भूमिका रही है। मुख्य वक्ता डॉ. उज्जवल पाटनी ने सफलता के चार स्तंभ बताए - परिवार, संस्कार, व्यवहार और सामाजिक सरोकार। उन्होंने कहा कि व्यवसाय और निजी जीवन दोनों में दीर्घकालिक लक्ष्य तय कर



अनुशासित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने मितव्ययिता, दानशीलता और पारिवारिक मूल्यों को मारवाड़ी समाज की पहचान बताया। प्रधान अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी सज्जन पटवारी ने सम्मेलन के 90 वर्षों की यात्रा की सराहना करते हुए समाज को एकजुट रखने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने किया, संचालन राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नंदलाल रूंगटा, पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल, संतोष सराफ, संजय गोयनका, पवन जालान, केदारनाथ गुप्ता, आत्माराम सोंथालिया, नन्दकिशोर अग्रवाल, एन. जी. खेतान, पवन गोयनका, विश्वनाथ भुवालका, शिवकुमार फोगला, राजेंद्र खंडेलवाल, गिरधारीलाल गोयनका, अरुण गाड़ोदिया, सज्जन बेरीवाल, अमित मुंदड़ा, पवन बंसल, जुगल किशोर जाजोदिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती से अवैध संबंध बनाने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बैरिया बदुरहा टोला गांव के अभिषेक गुप्ता नामक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे अवैध सम्बन्ध स्थापित किये और घटना के वीडियो बना लिये। उसने दावा किया कि बाद में शादी करने की बात से वह मुकर गया और जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि युवती की तहरीर पर अभिषेक गुप्ता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 (झूठा वादा करके यौन संबंध बनाना), 352 (लोकशांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 351-3 (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### पुलिस से मुठभेड़ के बाद कुख्यात पशु तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के शाहपुर इलाके में पुलिस ने एक कुख्यात पशु तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार रात जिले के शाहपुर इलाके में एक कुख्यात अपराधी के मौजूद होने की सूचना मिली थी। उनके मुताबिक, इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोकने की कोशिश की, मगर उसने रुकने के बजाय पुलिस दल पर कथित रूप से गोलीबारी कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया और उसे गिरफ्तार करके अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि पहचान गोरखपुर के गुलरिहा थाने के टोला दहला निवासी अनूप यादव के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि यादव पर गोरखपुर जिले के विभिन्न थानों में पशु तस्करी, जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, पशु क्रूरता समेत कुल 29 मुकदमे दर्ज हैं।

### अमृतसर में अकाली दल के पार्षद की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर :** शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद की रविवार को छेहरटा इलाके में कुछ अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। हरजिंदर सिंह जंडियाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर दो के पार्षद थे। एडीसीपी हरपाल सिंह रंधावा ने कहा कि तीन से चार अज्ञात व्यक्तियों ने बाइक पर सवार पार्षद को रोकने की कोशिश की और फिर उन पर तीन से चार गोलियां चलाईं। अधिकारी ने बताया कि सिंह को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने दावा किया कि पार्षद को धमकी भरे फोन कॉल मिल रहे थे जिसके बारे में उन्होंने पुलिस को सूचित किया था, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया।

### हरियाणा, पंजाब में बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

**चंडीगढ़ :** हरियाणा और पंजाब के कई स्थानों पर रविवार को मध्यम से भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि हरियाणा में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटों में भारी बारिश हुई। करनाल में 118 मिमी, अंबाला में 43 मिमी, हिसार में 73.9 मिमी, सिरसा में 39 मिमी, गुरूग्राम में 39.5 मिमी, झज्जर में 40.5 मिमी, कैथल में 78 मिमी और कुरूक्षेत्र में 65 मिमी बारिश हुई। पंजाब में इस अवधि के दौरान अमृतसर में 13.2 मिमी, लुधियाना में 3.2 मिमी, पटियाला में 8.9 मिमी, पठानकोट में 27 मिमी, बठिंडा में 16 मिमी, फरीदकोट में 16 मिमी, गुरदासपुर में 36.8 मिमी, फिरोजपुर में 3 मिमी और मोहाली में 0.5 मिमी बारिश हुई। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में हल्की बारिश हुई। बारिश ने उमस भरे मौसम से राहत दिलाई और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री के विचार 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर व्यक्त किए गए विचार 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम को दिल्ली में सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में उनकी सराहना की। पोस्ट में योगी ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के विषय में आज 'मन की बात कार्यक्रम' में व्यक्त विचार 'भारत के मन की बात' को अभिव्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं और पूर्ण विश्वास व प्रतिबद्धता से भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। योगी ने कहा आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में स्वदेशी हथियारों, उपकरणों और तकनीक की सफलता से विश्व ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को सुना है। उन्होंने कहा, भारत के जन-गण के मन को राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्रवादी चेतना और स्वदेशी गौरव बोध से दीप्त करते उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शिरकत के लिए गए दिल्ली गए योगी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल में बिहार में संपन्न हुए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों- बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मोदी ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे 'हनी उद्यमियों' की भी प्रशंसा की। योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

### बिहार: बदमाशों के हवा में गोलीबारी करने से पटना में दहशत, छह पुलिसकर्मी निलंबित

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के 'बोरिंग कैनाल रोड' क्षेत्र में शनिवार शाम कथित रूप से पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद अज्ञात बदमाशों ने हवा में कई गोलियां चलाईं और उसके बाद वे फरार हो गए। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सचिवालय के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) साकेत कुमार ने संवाददाताओं से कहा, 'एसयूवी में सवार अज्ञात बदमाशों ने बोरिंग कैनाल रोड क्षेत्र में हवा में कई गोलियां चलाईं। संयोगवश, कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पंकज दराद भी उसी समय एक बैठक के बाद वहां से लौट रहे थे।'

## न्यूज अपडेट

### रघुबर दास ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर आम सहमति बनाने पर जोर दिया

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर आम सहमति बनाने की जरूरत पर बल दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विद्युत बरन महतो द्वारा यहां शनिवार शाम को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि लगातार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और विकास कार्य बाधित होते हैं। दास ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से न केवल हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी, बल्कि प्रशासनिक तंत्र, सुरक्षा बलों और मानव संसाधनों का राष्ट्रहित में बेहतर उपयोग भी हो सकेगा। इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में संवाद और सार्वजनिक चर्चा होनी चाहिए। संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत है। इस मौके पर महतो ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है।

### उत्तर प्रदेश में पूर्वी हिस्सों में भीषण गर्मी, पश्चिमी भागों में बारिश और आंधी-तूफान

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से रविवार को जबर्दस्त तपिश की चपेट में रहे, वहीं पश्चिमी भागों में अनेक स्थानों पर तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई जिससे कई जिलों में पेड़ उखड़ गए और बिजली आपूर्ति बाधित हुई। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के पूर्वी हिस्सों के अनेक जिलों में आज भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहा और इन जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इसके मुताबिक, इस दौरान बांदा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा उरई में अधिकतम पारा 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं, कानपुर में 39.2 डिग्री, झांसी में 38.9, प्रयागराज में 38.6 और फतेहगढ़ में 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य के पश्चिमी इलाकों में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मुजफ्फरनगर जिले में सबसे ज्यादा 14 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा प्रयागराज में 8.4 मिमी, बरेली में 4.9 मिमी, शाहजहांपुर में 1.8 मिमी और सुल्तानपुर में 0.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गयी। अधिकारियों के मुताबिक, तेज आंधी-बारिश की वजह से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गये और बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कुछ निचले इलाकों में पानी भर जाने से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने सोमवार को पूरे राज्य में मेघगर्जन के साथ बारिश होने अथवा छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। कुछ स्थानों पर बिजली चमकने और तेज हवा चलने की चेतावनी भी जारी की है।

### देवरिया में छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली 330 टैबलेट स्ट्रांग रूम से गायब, प्राथमिकी दर्ज

देवरिया (उप्र) : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित किए जाने वाले 330 टैबलेट देवरिया सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम से गायब पाए गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में कस्टोडियन (सरंक्षक) नायब नाजिर राकेश श्रीवास्तव की लापरवाही सामने आई है। तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली में रविवार को नायब नाजिर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी और कोतवाली पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देवरिया की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने बताया कि महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम में टैबलेट रखे गए थे। शुक्रवार को स्टाक के मिलान में 330 टैबलेट गायब होने की खबर मिली। शर्मा ने बताया कि नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य ने प्रकरण की जांच की। उनकी जांच में कस्टोडियन के रूप में तैनात नायब नाजिर की लापरवाही सामने आई है जिन्हें उनकी निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था। कौंडिल्य को दिए गए अपने बयान में श्रीवास्तव ने दावा किया कि 19 मई की रात में किसी ने स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ दिया था। श्रीवास्तव ने बयान में कहा कि अगले दिन जब उन्हें दरवाजे पर नया ताला लगा मिला तो उन्होंने उसे तोड़ दिया और नया ताला लगा दिया, लेकिन घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं दी। जांच के अनुसार, कथित तौर पर टैबलेट को अधिकारियों की जानकारी के बिना स्ट्रांग रूम के बजाय किसी अन्य कमरे में रखा गया था।

### उत्तर प्रदेश में जाम को दूर करने के लिए 6,124 करोड़ की लागत से बनेंगे रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में यातायात जाम की समस्या दूर करने और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार 6,124 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर का निर्माण करेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इस विषय में विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्त वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड संपर्क को बढ़ाया जाएगा।

## उप्र पुलिस ने फर्जी अधिकारियों के चंगुल से सोना तस्करों को मुक्त कराया


**मुरादाबाद (उप्र) :** दुबई से अपने शरीर में छुपाकर लगभग एक किलोग्राम सोना लाने वाले छह तस्करों को सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी बनकर आए एक गिरोह के सदस्यों ने अगवा कर लिया। हालांकि पुलिस ने रविवार को एक मुठभेड़ के बाद उन्हें अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करा लिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सतपाल अंतिल ने यहां बताया कि तस्करों के शरीर से सोने के कुल 29 कैप्सूल निकाले गये हैं और इस सोने का वजन लगभग 950 ग्राम है। उनके मुताबिक, तस्करों में से चार दुबई से मुंबई और फिर दिल्ली आये थे जबकि दो अन्य दुबई से सीधे दिल्ली पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे तस्कर कार से रामपुर जिले के टांडा बादली जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनके वाहन को मुरादाबाद टोल प्लाजा के पास दो कारों में सवार लोगों ने रोक लिया और उन्हें रोकने वाले लोगों ने खुद को सीमा शुल्क विभाग का अधिकारी बताया और तस्करों को अगवा करके मूढ़ा पांडे थाना क्षेत्र के रोंडा झोंडा गांव के पास एक सुनसान बाग में ले गए। अधिकारी ने बताया कि वहां, उन्होंने तस्करों को जान से मारने और पेट चीरकर सोना निकालने की धमकी दी। अंतिल ने बताया कि तस्करों का वाहन चालक जुल्फिकार मौके से भागने में कामयाब रहा और उसने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 'डायल 112' के जरिये पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद काशीपुर के तौफीक और मोहम्मद रज़ा को गिरफ्तार कर लिया और वे मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गए तथा उनके बाकी साथी मौके से भाग गये और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## संसद का विशेष सत्र आंतकवाद के खिलाफ भारत की एकजुटता का संदेश देगा : पायलट



**चंडीगढ़ :** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाए और इससे पूरे विश्व को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में एकजुटता का संदेश जाएगा। पायलट ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिए, इस पर सरकार को देश और विपक्ष से जो समर्थन मिला है, वह अभूतपूर्व और बिना शर्त है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए तो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एकजुट आवाज उठेगी, जिससे दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकतजुटता का संदेश जाएगा। पायलट ने रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा के अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की थी ताकि पूरी दुनिया में एक संदेश जाए कि पूरा भारत देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए एकजुट है... और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को खत्म करने की इस लड़ाई में एकजुट है।' पायलट ने कहा कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल जो पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर विभिन्न देशों का दौरा कर रहा है, यदि उन्हें भेजे जाने से पहले संसद का सत्र बुलाया गया होता तो उन्हें अपने विचार रखने के लिए और अधिक बल मिलता। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट यहां 'जय हिंद सभा' के अवसर पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस सशस्त्र बलों की सर्वोच्च वीरता और सफलता को सलाम करने के लिए पूरे भारत में इस सभा का आयोजन कर रही है। कांग्रेस महासचिव एवं संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल ने हाल ही में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा था कि इन बैठकों में सेना के पूर्व सैनक, पार्टी नेता और आम जनता शामिल होगी। पायलट ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस ने सरकार को पूरा समर्थन दिया था ताकि इस कायराना घटना के दोषियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

## ताजमहल की सुरक्षा और बेहतर करने के लिए स्थापित की जाएगी ड्रोन रोधी प्रणाली



**आगरा (उप्र) :** विश्व धरोहर ताज महल की सुरक्षा को और पुख्ता करने और संभावित हवाई खतरों से निपटने के लिए परिसर में जल्द ही ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित की जाएगी। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संरक्षित ताज महल को जल्द ही उन्नत 'ड्रोन न्यूट्रलाइजेशन' तकनीक के रूप में सुरक्षा के लिए एक अतिरिक्त कवच मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह कदम 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उत्पन्न चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। उनके मुताबिक, उस दौरान पाकिस्तान ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ड्रोन हमलों का प्रयास किया था। हालांकि ऐसे सभी प्रयासों को भारतीय सुरक्षा बलों ने बेअसर कर दिया था। सहायक पुलिस आयुक्त (ताज सुरक्षा) सैयद अरीब अहमद ने रविवार को बताया, ताजमहल परिसर में एक ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस प्रणाली की रेंज सात-आठ किलोमीटर होगी। हालांकि यह ताजमहल के मुख्य गुंबद से 200 मीटर के दायरे में काम करेगी। अहमद ने कहा कि जैसे ही कोई ड्रोन ताजमहल के आसपास आयेगा, ड्रोन रोधी प्रणाली उसके सिग्नल को तोड़कर उसे गिरा देगी। उन्होंने बताया, ड्रोन रोधी प्रणाली को संचालित करने के लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रतिक्रिया टीम बनाई जाएगी। प्रतिक्रिया टीम, जहां से ड्रोन उड़ रहा है उसको ट्रैक करेगी और ड्रोन जहां गिरेगा वहां जाएगी। अगले कुछ दिनों में ही ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित कर दी जाएगी। यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के तौर पर घोषित ताजमहल देश के उन स्मारकों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा सैलानी आते हैं।

### बलिया में सड़क हादसे में बैंककर्मी की मौत

बलिया (उप्र) : बलिया जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से एक बैंककर्मी की मौत हो गई जबकि दो पहिया वाहन पर सवार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बांसडीह-बलिया मार्ग पर प्रकाश सिंह उर्फ लव (32) और अंशु तिवारी (28) मोटरसाइकिल से बांसडीह से शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे बलिया की ओर जा रहे थे, तभी सहपुरवा गांव के पास स्थित पुलिया के पास बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराई। अधिकारियों के मुताबिक, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले गयी।

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने लोगों से नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में शामिल होने का आह्वान किया



**नाभा :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि वे आगे आएं और नशे तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में शामिल होकर इसे एक जन आंदोलन बनाएं। मान ने पटियाला जिले के नाभा में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ी है, जो लोगों के सक्रिय समर्थन और सहयोग से ही सफल हो सकती है। उन्होंने कहा, 'यह आने वाली पीढ़ियों की लड़ाई है, जिसे आम आदमी के समर्थन के बिना नहीं जीता जा सकता।' मान ने लोगों से इस मुद्दे पर समर्थन मांगा ताकि पंजाब एक प्रगतिशील और अग्रणी राज्य के रूप में उभर सके। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को एक जन आंदोलन में तब्दील करना होगा जिसके लिए लोगों को कड़ी मेहनत करनी होगी। मान ने कहा, 'हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि नशे का अभिशाप पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाता। पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाना बहुत जरूरी है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मादक पदार्थ तस्करों की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए 'बुलडोजर अभियान' जारी रहेगा। उन्होंने कहा,' यह कार्रवाई कानून के अनुसार की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों को कड़ी सजा मिले।' इस अवसर पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी मौजूद थे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पंजाब की पिछली सरकारों ने न केवल मादक पदार्थों के तस्करों को संरक्षण दिया, बल्कि सरकारी वाहनों में इस कारोबार को चलाने में सक्रिय रूप से मदद भी की। केजरीवाल ने दावा किया कि भगवंत मान सरकार नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्ती से काम कर रही है।

## विराट कोहली, अनुष्का शर्मा ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया



**अयोध्या (उप्र) :** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविवार को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और भगवान श्री रामलला के दर्शन-पूजन किए। विराट-अनुष्का ने पहले हनुमानगढ़ी जाकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद मांगा। इसके बाद भगवान श्री रामलला का दर्शन किया। हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास ने बताया कि दोनों रविवार सुबह हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे और फिर उन्होंने राम मंदिर में दर्शन किए। क्रिकेटर और अभिनेत्री ने अपनी यात्रा के दौरान मीडिया से दूरी बनाए रखी। इससे पहले, 13 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे। दोनों ने प्रेमानंद महाराज को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया था।

# कोई हमारे देश में आतंकवाद को बढ़ावा देगा तो परिणाम 'ऑपरेशन सिंदूर' से अधिक गंभीर होंगे: ओम बिरला



**रांची/जमशेदपुर (झारखंड) :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि अगर कोई भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बढ़ावा देता है तो उसके लिए 'ऑपरेशन सिंदूर से भी अधिक गंभीर परिणाम होंगे।' सीमा पार के लक्ष्यों को दक्षतापूर्ण तरीके से तबाह करने के लिए भारतीय सेना की वीरता और साहस की प्रशंसा करते हुए बिरला ने कहा कि भारत न केवल अपनी रक्षा करेगा बल्कि आतंकवाद का सफाया करने के लिए नई नीतियों और कार्यक्रमों को भी लागू करेगा। जमशेदपुर में 'सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एससीसीआई) के कौस्तुभ जयंती (75वीं सालगिरह) समारोह के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से दुनिया में कहीं भी आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ने का आह्वान किया है ताकि इस खतरे को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा, 'हमारी सेना ने यह साबित कर दिया है कि अगर कोई देश हमारे क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो उसके परिणाम 'ऑपरेशन सिंदूर' से भी अधिक गंभीर होंगे।' 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना की सफलता के लिए स्वदेशी रक्षा उद्योग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पहले तकनीक, उद्यमिता और कौशल की कमी के कारण रक्षा उपकरण आयात करता था, लेकिन पिछले एक दशक में देश धीरे-धीरे न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि रक्षा उपकरणों के निर्यात में भी विश्व में अग्रणी बनने की कगार पर है। बिरला ने कहा, 'मोदीजी ने घरेलू उद्योगों को नई दिशा दी है। उन्होंने आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल दिया है।' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी विश्व परिदृश्य के बावजूद भारत अवसरों की भूमि है। उन्होंने कहा कि देश में अपनी बौद्धिक क्षमता और नवीन विचारों, प्रौद्योगिकी और युवा एवं कुशल मानव संसाधनों के साथ दुनिया का नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास क्षमता और युवा एवं कुशल मानव संसाधन हैं, जिसकी दुनिया में कमी है।' उन्होंने कहा, 'जापान और रूस जैसे विकसित देश यह मानकर हमारे देश में आते हैं कि भारत के पास विशाल बौद्धिक ज्ञान और नवीन विचार हैं।' उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े उद्योग भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उचित सुधार लाने और उद्योग-अनुकूल नीतियों को लागू करने के लिए प्रयास कर रही है।

### पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**देवरिया (उप्र) :** देवरिया के माथापार गांव में रविवार को एक युवक ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के बाद सलेमपुर-बरहज रेलखंड पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी के शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के माथापार गांव का निवासी जितेंद्र कुशवाहा (32) सूरत में कपड़े की फैक्ट्री में काम करता था। वह 11 मई को सूरत से घर पर आया था। पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिससे आक्रोशित होकर उसने अपनी पत्नी बेबी (30) की जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, पत्नी को मरा हुआ देखकर जितेंद्र भाग कर गांव के बाहर रेलवे ट्रैक पर चला गया और कुछ देर बाद बरहज से आ रही ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उप्र: 2025 में 13,000 से अधिक सड़क हादसों में 7,700 मौतें हुईं, अपराह्न में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में इस साल एक जनवरी से 20 मई तक करीब पांच माह के बीच 13,000 से अधिक सड़क हादसों में लगभग 7,700 लोगों की जान चली गई और राज्य-स्तरीय एक विश्लेषण में सामने आया कि अपराह्न और शाम का समय सड़क पर चलने वालों के लिए ज्यादा घातक साबित हो रहा है। सड़क हादसों को लेकर ये निष्कर्ष उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा और जागरुकता प्रकोष्ठ द्वारा संकलित समय-आधारित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट का हिस्सा हैं, जिसमें आईआरएडी (एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस), ईडीएआर (ई-विस्तृत दुर्घटना रिकॉर्ड) और राज्य के अपने सड़क सुरक्षा डैशबोर्ड से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 24,118 मौतें हुईं और 34,665 लोग घायल हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसकी तुलना में 2023 में 44,534 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 23,652 मौतें हुईं और 31,098 घायल हुए। वहीं, 2025 के नवीनतम विश्लेषण से पता चलता है कि सभी दुर्घटनाओं में से 60 प्रतिशत से अधिक अपराह्न (12 बजे से शाम छह बजे तक) और शाम (छह बजे से रात नौ बजे तक) के समय हुईं। अध्ययन के अनुसार, अपराह्न सबसे घातक रहा जिस दौरान 4,352 दुर्घटनाओं में 2,238 लोगों की जान चली गई। इसका कारण इन घंटों के दौरान सड़कों पर 'अत्यधिक गर्मी, चालक की थकान, तेज गति से वाहन चलाना और वाहनों का बढ़ता भार' है। शाम के समय 3,254 दुर्घटनाओं में 1,945 मौतें हुईं, जिसका कारण 'कार्यालय समय खत्म होने बाद यातायात जाम और सूर्यास्त के बाद दृश्यता में कमी' रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत-नेपाल सीमा पर निर्माणाधीन पुल में काम कर रहा मजदूर लधिया नदी में बहा

**चंपावत (उत्तराखंड) :** उत्तराखंड के चंपावत जिले में भारत-नेपाल सीमा पर निर्माणाधीन पुल में काम कर रहा एक मजदूर रविवार को उफनती लधिया नदी में बह गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चंपावत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय गणपति ने बताया कि दुर्घटना दोपहर को टनकपुर-जौलजीवी मार्ग के चूका में हुई जब पुल निर्माण में लगे दो मजदूर खाना खाने के लिए अपने टिन शेड की ओर जा रहे थे और अचानक वे लधिया नदी के बहाव में बहने लगे। उन्होंने बताया कि इनमें से एक पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला रॉकी मंडल (18) तो नदी में दो सौ मीटर बहने के बाद सुरक्षित किनारे आ गया लेकिन दूसरे मजदूर आमिर चांद (55) का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। चांद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला है। चंपावत के टुलीगाढ़ क्षेत्र के थाना प्रभारी राकेश कठायत के नेतृत्व में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की टीम गोताखोरों के साथ तलाशी में देर शाम तक जुटी रही। उन्होंने बताया कि सोमवार को फिर तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा।

### भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाता है: नायडू

**विजयवाड़ा :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक शासन को दर्शाता है। नायडू की यह प्रतिक्रिया नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम द्वारा आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए की गई घोषणा के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए 4200 अरब अमेरिकी डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हासिल किया है और अब वह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की राह पर है।

### ओडिशा सरकार की 'प्रभावशाली' पहलों को प्रदर्शित किया गया : माझी


**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि उन्होंने नयी दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्रियों की बैठक में अपनी सरकार की 'प्रभावशाली' पहलों को प्रदर्शित किया। ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि उन्होंने अन्य राजग शासित राज्यों की सफलता से भी प्रेरणा ली है। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह शासन, विकास और राष्ट्र निर्माण पर ऊर्जावान चर्चाओं, साहसिक विचारों और कार्यान्वयन योग्य अंतर्दृष्टि का दिन था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' जारी एक पोस्ट में कहा, ''हम सुशासन प्रदान करने, राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक भारतीय के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देने के अपने अडिग संकल्प को दोहराते हैं।''

### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 1.10 करोड़ रु मूल्य की चरस जब्त

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के तीन प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है और लगभग 1.10 करोड़ रुपये मूल्य की 2,124 ग्राम चरस जब्त की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी हिमाचल प्रदेश से दिल्ली-एनसीआर में चरस की तस्करी करते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह हिमाचल प्रदेश के कसोल से मादक पदार्थ मंगवाता था। इसने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी दो अलग-अलग अभियानों में की गई। इसने बताया कि पहली गिरफ्तारी आठ जनवरी को तब हुई थी जब एक गुप्त सूचना के बाद उत्तर प्रदेश के नसीब (25) और पंजाब के संदीप (40) को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से कुल 1,438 ग्राम चरस बरामद की गई।

# कोई हमारी धरती पर आतंकवाद को बढ़ावा देगा तो परिणाम 'ऑपरेशन सिंदूर' से अधिक गंभीर होंगे:ओम बिरला

**रांची/जमशेदपुर (झारखंड) :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि अगर कोई भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बढ़ावा देगा तो ''ऑपरेशन सिंदूर से भी अधिक गंभीर परिणाम होंगे।'' सीमा पार आतंकी ठिकानों को दक्षतापूर्ण तरीके से तबाह करने के लिए भारतीय सेना की वीरता और साहस की प्रशंसा करते हुए बिरला ने कहा कि भारत न केवल अपनी रक्षा करेगा बल्कि आतंकवाद का सफाया करने के लिए नई नीतियों और कार्यक्रमों को भी लागू करेगा। जमशेदपुर में 'सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एससीसीआई) के कौस्तुभ जयंती (75वीं वर्षगांठ) समारोह के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों




से दुनिया में कहीं भी आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ने का आह्वान किया है ताकि इस खतरे को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा, ''हमारी सेना ने यह साबित कर दिया है कि अगर कोई देश हमारे क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो उसके परिणाम 'ऑपरेशन सिंदूर' से भी अधिक गंभीर होंगे।'' 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना की सफलता के लिए स्वदेशी रक्षा उद्योग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पहले तकनीक, उद्यमिता और कौशल की कमी के कारण रक्षा उपकरण आयात करता था, लेकिन पिछले एक दशक में देश धीरे-धीरे न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि रक्षा उपकरणों के निर्यात में भी विश्व में अग्रणी बनने की कगार पर है। बिरला ने कहा, ''मोदीजी ने घरेलू उद्योगों को नयी दिशा दी है। उन्होंने आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल दिया है।'' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी विश्व परिदृश्य के बावजूद भारत अवसरों की भूमि है। उन्होंने कहा कि देश में अपनी बौद्धिक क्षमता और नवीन विचारों, प्रौद्योगिकी और युवा एवं कुशल मानव संसाधनों के साथ दुनिया का नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास क्षमता और युवा एवं कुशल मानव संसाधन हैं, जिसकी दुनिया में कमी है।''

# मोदी ने पेड़ की सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाने वाले उत्तराखंड के कलाकार की सराहना की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाने वाले उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी जीवन जोशी की रविवार को सराहना की। जोशी 65 साल के हैं और वह विशिष्ट रूप से सक्षम व्यक्तियों की श्रेणी में आते हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा, ''आज मैं आपको एक ऐसे शानदार व्यक्ति के बारे में बताना चाहता हूं जो एक कलाकार भी हैं और जीती-जागती प्रेरणा भी। उनका नाम जीवन जोशी है। अब सोचिए जरा, जिनके नाम में ही जीवन हो, वह कितनी जीवंतता से भरे होंगे।'' बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन उनके हौसलों को नहीं छीन पाया। मोदी ने कहा, ''उनके चलने की रफ्तार भले कुछ धीमी हो गई, लेकिन उनका मन कल्पना की हर उड़ान उड़ता रहा। इसी उड़ान में, जीवन जी ने एक अनोखी कला को जन्म दिया, नाम रखा 'बगेट'। इसमें वह चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाते हैं।'' जोशी की प्रेरणादायक कहानी ने हाल ही में 'पीटीआई वीडियो' द्वारा उनके जीवन पर आधारित एक वीडियो जारी किए जाने के बाद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वीडियो में उनके जीवन, कलात्मक प्रक्रिया और चुनौतियों को दर्शाया गया था।

### शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 होना 'बहुत उत्साहजनक'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात के गिर वन में एशियाई शेरों की आबादी सिर्फ पांच साल में 674 से बढ़कर 891 हो गई है और यह बहुत उत्साहजनक वृद्धि है। मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में इस सफलता का श्रेय क्षेत्र के लोगों के सामूहिक प्रयासों और आधुनिक तरीकों के उपयोग को दिया। उन्होंने कहा, ''शेरों की गणना के बाद सामने आई शेरों की यह संख्या बहुत उत्साहवर्धक है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 जिलों में 35,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई गणना में शेरों की संख्या का पता चला है। उन्होंने कहा कि कवायद में शामिल टीमों ने चौबीस घंटे काम किया, ताकि सटीक परिणामों का सत्यापन और 'क्रॉस-सत्यापन' सुनिश्चित किया जा सके। मोदी ने स्थानीय समुदायों की भागीदारी और गुजरात में वन अधिकारियों के रूप में महिलाओं की भर्ती की प्रशंसा करते हुए कहा, ''एशियाई शेरों की आबादी में वृद्धि दर्शाती है कि जब समाज में स्वामित्व की भावना मजबूत होती है, तो आश्चर्यजनक परिणाम सामने आते हैं।''

## शालार्थ 'घोटाला' : 100 करोड़ रुपये से अधिक लेकर 547 शिक्षकों की फर्जी तरीके से हुई नियुक्ति

**नागपुर :** महाराष्ट्र में कथित 'शालार्थ आईडी' घोटाले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने खुलासा किया है कि 500 से अधिक शिक्षकों की भर्ती निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शालार्थ महाराष्ट्र सरकार का एक केंद्रीकृत पोर्टल है, जो सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारियों, जिनमें शिक्षक भी शामिल हैं, के वेतन और सेवा रिकॉर्ड का प्रबंधन करता है। 'शालार्थ आईडी' का मतलब ऐसे कर्मचारियों को आवंटित शिक्षक पहचान संख्या से है। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''एसआईटी ने पाया है कि नियुक्त किए गए 622 शिक्षकों में से केवल 75 को उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नियुक्त किया गया था। शेष 547 को 20-30 लाख रुपये प्रति शिक्षक के हिसाब से भुगतान करने के बाद फर्जी पहचान पत्रों का उपयोग करके नियुक्त किया गया था। इसका मतलब है कि यह घोटाला 100 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है।'' एसआईटी प्रभारी और सहायक पुलिस आयुक्त सुनीता मेश्राम ने बताया कि जांच अब शिक्षा विभाग के उप निदेशकों के अलावा शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों पर केंद्रित है। मेश्राम ने कहा कि इस मामले में और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।

## कृषि को लाभ का सौदा बनाने के लिए 29 मई से होगी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत: शिवराज

**विदिशा (मप्र) :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि 29 मई से देशभर में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत की जाएगी, जिसके अंतर्गत वैज्ञानिक किसानों के द्वार तक पहुंचेंगे और उन्हें कृषि को 'लाभ का धंधा' बनाने के गुर सिखाएंगे। चौहान ने सीहोर जिले से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत के मौके पर यह बात कही। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित करने और सभी पात्र लोगों को उनका लाभ सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा में यह 'पदयात्रा' शुरू की। उन्होंने कहा, कृषि कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च



प्राथमिकता है। कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए अब 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की जा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें बनाई जा रही हैं और हर टीम में तीन से चार कृषि वैज्ञानिक होंगे। उन्होंने कहा, ये वैज्ञानिक गांव-गांव जाएंगे और उस गांव की और आसपास के क्षेत्र की कृषि आधारित जलवायु, वहां की मिट्टी के अलग-अलग पोषक तत्व, अलग -अलग फसलों में कीटों का प्रकोप सहित अन्य सभी विषयों को समझकर किसानों को सलाह देंगे। चौहान ने कहा कि यह संवाद दोतरफा होगा, जिसमें किसान भी अपने सवाल पूछ सकेंगे और अपनी समस्याएं बता सकेंगे। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक किसानों को आधुनिक शोध के बारे में बताएंगे कि किन परिस्थितियों में इस क्षेत्र में कौन सी फसल उपयुक्त है।

## भारी बारिश, तेज आंधी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की 'कैनोपी' का हिस्सा गिरा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के आगमन क्षेत्र में लगी 'कैनोपी' (एक प्रकार की छत) का एक हिस्सा रविवार सुबह भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण गिर गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर पुनर्निर्मित टर्मिनल-1 (टी1) को हाल ही में उड़ान संचालन के लिए खोला गया है। एक बयान में हवाई अड्डा संचालक 'डायल' ने कहा कि टर्मिनल-1 के आगमन क्षेत्र में लगी कपड़े की कैनोपी भारी बारिश जैसी स्थिति के कारण खुद-ब-खुद थोड़ा नीचे झुक गई। यह इसके डिजाइन का हिस्सा था, ताकि पानी ज्यादा न जमा हो और आसानी से निकल जाए। बयान में कैनोपी का हिस्सा गिरने के बारे में सीधे तौर पर उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें कहा गया है, ''सामान्य स्थिति बहाल करने के साथ ही सुरक्षा और परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।'' एक सूत्र ने बताया कि टी-1 के आगमन क्षेत्र में कैनोपी का एक हिस्सा गिर गया, हालांकि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ।



## कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से माफी मांगने, भाजपा सांसद जांगड़ा को बर्खास्त करने की मांग की

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामचंद्र जांगड़ा की इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई कि पहलगाम में पर्यटकों को आतंकवादियों से भिड़ जाना चाहिए था। पार्टी ने कहा कि सांसद को बर्खास्त किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को जांगड़ा के बयान की ''मौन स्वीकृति'' के तौर पर देखा जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि भाजपा नेता पहलगाम पीड़ितों और सशस्त्र बलों को बदनाम करने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ कर रहे हैं। इससे पहले भाजपा के कई नेता भी इस तरह की टिप्पणी कर चुके हैं जिनमें मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह और राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शामिल हैं। कांग्रेस ने दावा किया कि देवड़ा ने कहा था कि पूरी भारतीय सेना और बहादुर सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं जबकि विजय शाह को पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकवादियों के धर्म को कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म से जोड़ने वाली उनकी टिप्पणी के बाद माफी मांगनी पड़ी थी। विजय शाह की टिप्पणी के बाद आक्रोश पैदा हो गया था। कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ मीडिया को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी थी। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''भाजपा के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर आरएसएस-भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज सेना का अपमान किया, पर मोदी जी ने कोई कार्रवाई नहीं की। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की, पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''जब पहलगाम में नौसेना के शहीद अफसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे।''

## भाजपा के 18 विधायकों का सदन से निलंबन वापस लिया गया: विधानसभा अध्यक्ष

**बेंगलुरु :** कर्नाटक विधानसभा से मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को छह महीने तक सदन से निलंबित करने के फैसले को रद्द कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने रविवार को यह जानकारी दी। निलंबन के दो महीने से अधिक समय बाद इस निर्णय की घोषणा खादर ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक और कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल के साथ बैठक के बाद की। एक अभूतपूर्व कदम के तहत 21 मार्च को भाजपा के 18 विधायकों को 'अनुशासनहीनता' दिखाने और विधानसभा अध्यक्ष का 'अनादर' करने के आरोप में छह महीने के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद मार्शल की मदद से इन विधायकों को सदन से बलपूर्वक बाहर निकाल दिया क्योंकि उन्होंने जाने से इनकार कर दिया था। खादर ने कहा, ''मैंने निलंबन की सिफारिश की थी, लेकिन सदन ने प्रस्ताव के माध्यम से इसे मंजूरी दे दी। इसलिए, आज सदन के नेता और मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कानून मंत्री और विपक्ष के नेता ने मेरे साथ चर्चा की। निलंबन और निर्दिष्ट शर्तों को रद्द करने और उन्हें विधायकों के रूप में काम करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया, ''निलंबन खुशी-खुशी वापस ले लिया गया है। इसमें कोई शर्त नहीं है। वे विधायक हमारे मित्र हैं, दुश्मन नहीं।

## भारत ने पारंपरिक चिकित्सा हस्तक्षेप पर डब्ल्यूएचओ के साथ ऐतिहासिक समझौता किया

**नयी दिल्ली :** भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैश्विक पहचान और समर्थन मिले, इसके लिये आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आयुष मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, इस समझौते पर शनिवार को हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता स्वास्थ्य हस्तक्षेपों का अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण (आईसीएचआई) के तहत एक समर्पित पारंपरिक चिकित्सा मॉड्यूल पर काम की शुरुआत का प्रतीक है। मन की बात की 122वीं कड़ी के दौरान इस उपलब्धि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''साथियों, आयुर्वेद के क्षेत्र में भी कुछ ऐसा हुआ है, जिसके बारे में जानकर आपको बहुत खुशी होगी। कल ही, यानी 24 मई को, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक और मेरे मित्र तुलसी भाई की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के साथ ही, स्वास्थ्य हस्तक्षेपों का अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण (आईसीएचआई) के तहत एक समर्पित पारंपरिक चिकित्सा मॉड्यूल पर काम शुरू हो गया है। इस पहल से आयुष को वैज्ञानिक तरीके से दुनिया भर में अधिकतम लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।''

## 'हेरा फेरी 3' छोड़ने को लेकर अक्षय कुमार के मुकदमे पर परेश रावल ने दिया जवाब

**मुंबई :** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने रविवार को कहा कि उन्होंने हेरी-फेरी सीरीज की तीसरी फिल्म से अचानक हटने के लिए अभिनेता अक्षय कुमार की ओर से दायर मुकदमे का जवाब दे दिया है। रावल के अचानक फिल्म से हटने के बाद मनोरंज उद्योग और इन फिल्मों के प्रशंसक हैरान रह गए थे, जो लगभग 20 साल के बाद तीसरी फिल्म आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हेरा फेरी 3 के निर्माता और अभिनेता अक्षय कुमार ने मुकदमा दायर करके रावल से हर्जाने के तौर पर 25 करोड़ रुपये की मांग की है। रावल ने विवाद पर चुप्पी तोड़ते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनके वकील ने मुकदमे का जवाब दिया है। हेरा फेरी में बाबूराव गणपतराव आप्टे की भूमिका निभाने वाले रावल (69) ने लिखा, मेरे वकील अमीक नाइक ने फिल्म से हटने के मेरे अधिकार के बारे में उचित जवाब भेजा है। जब वे मेरा जवाब पढ़ लेंगे तो सारे मुद्दे सुलझ जाएंगे। हेरा फेरी 3 में रावल एक बार फिर कुमार और सुनील शेट्टी के साथ अभिनय करने वाले थे। वर्ष 2000 में आई मूल फिल्म का निर्देशन करने वाले फिल्मकार प्रियदर्शन भी इसका हिस्सा बनने वाले थे। अक्षय कुमार की 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने हाल ही में कहा था कि फिल्म से बाहर निकलने के रावल के फैसले के गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पीओके पर कब्जा क्यों नहीं किया गया: बेनीवाल

**जयपुर :** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने रविवार को सवाल उठाया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पीओके पर कब्जा क्यों नहीं किया गया। नागौर से सांसद बेनीवाल ने यहां 'आक्रोश रैली' में कई मुद्दों को लेकर केंद्र व राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया रैली विफल रही और इसमें जगह भरने के लिए सरकारी कर्मचारियों को बुलाया गया था। बेनीवाल ने कहा, ''प्रधानमंत्री की बीकानेर में आयोजित रैली में भाजपा के मंत्रियों,



नेताओं तथा तमाम साधन संसाधन लगाने के बावजूद जगह को भरने के लिए सरकारी कर्मचारियों को ले जाना पड़ा। फिर भी टैंट नहीं भरा।'' बेनीवाल ने कहा, ''लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जो लगाव था, वह धीरे धीरे कम होता नजर आ रहा है।'' उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर बहुत आवश्यक था। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में आपने वे आतंकी कैंप पीछे क्यों छोड़ दिए जिनको ध्वस्त करने की आवश्यकता थी? पीओके पर कब्जा क्यों नहीं किया गया?'' छह मई की रात को भारतीय सैन्य बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया गया। यह हमला 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था।

## किशोरी को दो महीने तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के बाद वेश्यावृत्ति में धकेला, चार गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोंबिवली में 15 वर्षीय एक किशोरी को उसके परिवार के एक परिचित व्यक्ति ने दो महीने तक एक घर में बंधक बनाकर रखा, उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया, उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर करने के बाद वेश्यावृत्ति में धकेल दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, हालांकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। उन्होंने बताया कि लड़की की आपबीती तब सामने आई जब कुछ श्रमिकों को इसके बारे में पता चला, जिसके बाद तिलक नगर पुलिस ने डोंबिवली के ग्रामीण इलाके में एक घर पर छापा मारकर उसे बचाया। अधिकारी ने बताया, ''पीड़िता की मां खाने-पीने का सामान बेचती है और इसी दौरान वह मसाला बेचने का काम करने वाले मुख्य आरोपी के संपर्क में आई। आरोपी पीड़िता के परिवार को जानता था। जब दसवीं कक्षा की परीक्षा के बाद पीड़िता का अपनी मां से झगड़ा हुआ और वह घर से बाहर चली गई, तो मुख्य आरोपी ने उसे अपने साथ आने के लिए मना लिया।'' उन्होंने बताया, ''इसके बाद आरोपी ने उसे दो महीने तक बंधक बनाकर रखा और उसका यौन शोषण किया। जब वह गर्भवती हो गई तो उसे गर्भपात के लिए किसी अन्य व्यक्ति के पास ले गया। इसके बाद उसे एक दंपति के घर में रखा गया, जहां उसे वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया।''

# केरल तट के पास लाइबेरियाई जहाज डूबा, चालक दल के सभी 24 सदस्य बचाए गए,तेल रिसाव की आशंका

**कोच्चि/नयी दिल्ली :** केरल अपतटीय क्षेत्र में 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे संभावित तेल रिसाव की आशंका पैदा हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जहाज पर कुल 640 कंटेनर लदे थे जिनमें से 13 में खतरनाक सामग्री थी। अधिकारियों ने बताया कि मालवाहक जहाज से चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अभी तक किसी तेल रिसाव की सूचना नहीं मिली है, क्योंकि भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, तटरक्षक बल



भारतीय नौसेना के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रख रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''25 मई की सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया, इसका कारण पानी भरना था।'' बयान में कहा गया कि जहाज पर रखे 640 कंटेनरों में से 13 में रासायनिक रूप से संवेदनशील सामग्री थी, जबकि 12 कंटेनर कैल्शियम कार्बाइड से भरे हुए थे इसके अलावा जहाज़ में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन 'फर्नेस ऑयल' लदा हुआ था। चालक दल के 24 सदस्यों में से 21 को शनिवार को ही भारतीय तटरक्षक बल द्वारा बचा लिया गया था, तथा शेष तीन को बाद में आईएनएस सुजाता द्वारा बचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि केरल के तट के आसपास का समुद्री पारिस्थितिक तंत्र बहुत संवेदनशील है, इसलिए भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। उन्नत तेल रिसाव पहचान तकनीक से लैस तटरक्षक बल के विमान स्थिति की हवाई निगरानी कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर आईसीजी जहाज सक्षम घटनास्थल पर तैनात है।

## केरल में भारी बारिश से तबाही, कई पेड़ उखड़े

**तिरुवनंतपुरम :** केरल में रविवार को भारी बारिश हुई, जिसके कारण राज्य भर में कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। त्रिशूर में एक पेड़ चलती ट्रेन पर गिर गया जबकि कोझिकोड में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से राज्य के कई क्षेत्रों में भारी बारिश हुई। बारिश के कारण कई इलाकों में मकान क्षतिग्रस्त हो गए, नदियां उफान पर आ गईं और इसके परिणामस्वरूप कुछ बांधों के द्वार खोल दिए गए। रविवार सुबह त्रिशूर जिले के चेरुथुरुथी में रेलवे पुल के पास एक पेड़ चलती ट्रेन पर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाई और ट्रेन को रोक दिया जिससे हादसा टल गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग



(आईएमडी) ने भारी बारिश जारी रहने के कारण राज्य के पांच उत्तरी जिलों - मलाप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है। राज्य के लगभग सभी जिलों में पिछली रात से ही भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में भारी जलभराव हो गया और यातायात बाधित हुआ। राज्य भर में बड़े पैमाने पर पेड़ों के उखड़ने से घरों और वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा तथा कोझिकोड जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोझिकोड के विल्ल्याप्पल्ली में नारियल का एक पेड़ 64 वर्षीय पवित्रन पर गिर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि लगातार बारिश के बाद वायनाड के चूरलमाला-मुंडक्कई क्षेत्र से होकर बहने वाली पुन्नापुझा नदी और कोझिकोड की कोरापुझा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

# 25 साल के रेसर ने मोनाको में रचा इतिहास, एफ2 रेस जीतने वाला बना पहला भारतीय

**साखिर (बहरीन) :** भारतीय रेसिंग फैंस के लिए गौरव का पल आया जब कुश मैनी ने मोनाको ग्रां प्री में फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीतकर इतिहास रच दिया। मैनी न सिर्फ इस प्रतिष्ठित ट्रैक पर जीत दर्ज करने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने, बल्कि अपने करियर की पहली एफ2 रेस जीत और पहला पोडियम फिनिश भी हासिल किया। डैम्स लुकास ऑइल टीम के लिए मैनी ने पोल पोजीशन से शुरुआत की और पूरी रेस के दौरान जबरदस्त नियंत्रण और धैर्य दिखाया। BWT अल्पाइन एफ1 टीम के रिजर्व ड्राइवर मैनी ने रिवर्स ग्रिड सिस्टम का फायदा उठाते हुए शानदार तरीके से लीड बनाए रखी और आखिर तक अपनी



पोजीशन नहीं गंवाई।जीत के बाद भावुक मैनी ने कहा कि मोनाको में जीतना और इतिहास रचना वाकई सपना पूरा होने जैसा है। वह अपनी टीम डैम्स और उन सभी का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने इस सफर में उनका साथ दिया।जीत की खुशी के बीच पिट लेन में भारतीय उद्योगपति गौतम सिंघानिया भी कुश मैनी को गले लगाते नजर आए। सिंघानिया की जेके रेसिंग और टीवीएस रेसिंग जैसी संस्थाएं शुरुआत से ही मैनी के करियर को सहयोग देती आ रही हैं। अब कुश मैनी रविवार को फीचर रेस में भी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जिसके बाद उनका अगला पड़ाव बार्सिलोना ग्रां प्री होगा।

# क्लासेन का शतक, सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदा

**नयी दिल्ली :** ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 110 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ हैदराबाद ने सत्र का समापन किया। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए। यह आईपीएल का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में कोलकाता 18.4 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई। सनराइजर्स के लिए जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट झटके।

आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स का इस मुकाबले के साथ सफर समाप्त हो गया। हैदराबाद 14 में से छह जीत



और सात मैचों में हार के साथ छठे पायदान पर रही। वहीं, केकेआर पांच जीत और सात हार के साथ आठवें स्थान पर रही। हैदराबाद ने केकेआर को 110 रनों से हराकर अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम ने 2019 में आरसीबी को हैदराबाद में 118 रनों के अंतर से हराया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता के बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। उनके लिए मनीष पांडे ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। इसके अलावा हर्षित राणा 34 और सुनील नरेन 31 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, क्विंटन डिकॉक (9), अजिंक्य रहाणे (15) रिंकू सिंह (9) और आंद्रे रसेल (0) जैसे बल्लेबाज हैदराबाद के गेंदबाजों के आगे पस्त दिखे। इस मुकाबले में रमनदीप सिंह ने 13 रन बनाए जबकि वैभव अरोड़ा खाता भी नहीं खोल पाए। वहीं, एनरिक नॉर्त्जे खाता खोले बिना नाबाद रहे।

## भारत बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में की गई गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है: छेत्री

**कोलकाता :** करिश्माई भारतीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को कहा कि उनकी टीम 2027 एशियाई कप के क्वालीफाइंग दौर प्रतियोगिता में इस साल मार्च बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में की गई गलतियों को सुधारने के लिए बेताब है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। इस परिणाम ने टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज को नाराज कर दिया था। भारत अपना दूसरा मैच 10 जून को कॉव्लून में हांगकांग से खेलेगा। छेत्री ने कहा कि हांगकांग के खिलाफ मैच टीम के लिए खुद को सुधारने का मौका होगा। छेत्री ने कहा, 'बांग्लादेश के खिलाफ मैच



के बाद हमारे मन में यह भावना थी कि हमने खुद को और देश को निराश किया है। जब मैंने रीप्ले देखा, तो मुझे लगा कि हम एक टीम के तौर पर और भी बहुत कुछ कर सकते थे। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलते हुए तालिका में बढ़त हासिल करने का यह एक बड़ा अवसर था।

# रोहित, विराट और अश्विन ने हमें विदेशों में टेस्ट मैच जीतने का खाका दिया है: गिल

(इंट्रो में सुधार के साथ रिपीट)

**मुंबई :** भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी शैली 'बहुत अलग-अलग' थी, लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों ने दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ विदेशों में टेस्ट श्रृंखला जीतने का 'ब्लूप्रिंट' (खाका) दिया है। गिल को शनिवार को भारत का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। इस 25 साल के खिलाड़ी के सामने पहली चुनौती इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी। इस दौरे पर टीम को कोहली और रोहित जैसे दिग्गजों का साथ नहीं मिलेगा। गिल ने बीसीसीआई से जारी वीडियो में कहा, 'रोहित भाई, विराट भाई और अश्विन भाई जैसे खिलाड़ियों



ने हमें एक खाका दिया है कि विदेशों का दौरा कैसे किया जाए। मैच और श्रृंखला कैसे जीती जाए।' उन्होंने कहा, 'हां, प्रदर्शन करना और योजनाओं को मैदान में उतारना एक अलग बात है। हमारे पास इसका खाका है, इसलिए हम जानते हैं कि विदेशों का दौरा कैसे करना है और मैच तथा श्रृंखला में कैसे सफल होना है।' गिल ने कहा कि कोहली और रोहित की नेतृत्व शैली काफी अलग थी लेकिन दोनों में कई समानता भी थी। उन्होंने कहा, 'जब मैं बच्चा था तभी से मैं भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों से प्रेरित होता था। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे विराट भाई या रोहित भाई जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला।' उन्होंने कहा, ' दोनों का नेतृत्व करने के तरीके में काफी अंतर था। यह देखना काफी प्रेरणादायी था कि दोनों का एक ही लक्ष्य था। आप एक कप्तान के रूप में जीतना चाहते हैं और आपकी शैली अलग-अलग हो सकती है।

## भारत की मिश्रित टीम ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप के 10 मीटर एयर राइफल का रजत और कांस्य जीता

**नयी दिल्ली :** भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया।भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालीफाइंग राउंड में 631.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया । यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग (इस स्पर्धा के ओलंपिक चैंपियन, दो बार ओलंपिक पदक विजेता और सीनियर एयर राइफल विश्व चैंपियन) और हुआंग लिवानलिन (जूनियर एयर राइफल विश्व चैंपियन) की जोड़ी के पीछे रही।

## कॉनवे और ब्रेविस के अर्द्धशतक से सीएसके जीता, गुजरात टाइटन्स की शीर्ष दो की उम्मीद को लगा झटका



**अहमदाबाद :** सीएसके ने बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस को 83 रनों से हरा दिया है। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 230 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। गुजरात ने इस तरह लगातार दो मैच गंवाए और उसकी यह आईपीएल में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार है। गुजरात की बल्लेबाजी इस मैच में काफी खराब रही और टीम का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की ओर से सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए, जबकि अरशद खान ने 20, शाहरुख खान ने 19, राहुल तेवतिया ने 14, कप्तान शुभमन गिल ने 13 और राशिद खान ने 12 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर और गेराल्ड कोएट्ज़े पांच रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के लिए अंशुल कंबोज और नूर अहमद ने सबसे ज्यादा तीन-तीन विकेट लिए, जबकि रवींद्र जडेजा ने दो विकेट झटके। वहीं, खलील अहमद और मथीशा पथिराना को एक-एक विकेट मिले। इस तरह सीएसके ने आईपीएल 2025 में अपना अभियान जीत के साथ समाप्त किया। हार के बावजूद गुजरात की टीम 14 मैचों में 18 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि सीएसके ने 14 मैचों में चौथी जीत दर्ज कर आठ अंक लेकर 10वें स्थान पर अपने अभियान का अंत किया।

# आईपीएल के भविष्य पर धोनी ने कहा, फैसला लेने के लिए बहुत समय है

**अहमदाबाद :** चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने भविष्य के बारे में दुनिया को अटकलें लगाने पर मजबूर कर दिया और कहा कि अगले सत्र में वह वापसी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला लेने के लिए पूरा समय लेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह रांची में अपनी बाइक की सवारी का आनंद लेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साधारण सत्र के बाद अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि आने वाले सत्र में टीम पूरी तरह से बदल सकती है और प्रतिष्ठित धोनी बल्लेबाज के रूप में टीम में नहीं होंगे। गुजरात टाइटन्स पर सीएसके की 83 रन की जीत के बाद धोनी ने कहा, 'यह निर्भर करता है। मेरे पास फैसला लेने के लिए चार-पांच महीने हैं, कोई जल्दी नहीं है। मुझे अपने शरीर को फिट रखने की जरूरत है।' यह 43 वर्षीय खिलाड़ी बल्लेबाजी क्रम में निचले स्थान पर खेलने लगा है और इस सत्र में प्रभाव नहीं डाल पाया। इसलिए टीम के आखिरी लीग मैच के बाद उनके भविष्य के बारे में सवाल उठना लाजिमी था। धोनी ने कहा कि प्रदर्शन में गिरावट कभी भी उनके संन्यास के फैसले का कारण नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, 'अगर क्रिकेटर अपने प्रदर्शन के आधार पर संन्यास लेने लगते हैं तो इनमें से कुछ 22 साल की उम्र में संन्यास ले लेंगे। मैं रांची वापस जाऊंगा, कुछ बाइक राइड का आनंद लूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं संन्यास ले रहा हूं, यह भी नहीं कह रहा हूं कि मैं वापस आ रहा हूं। मेरे पास समय काफी समय है। इसके बारे में सोचूंगा और फिर फैसला करूंगा।'



# इस सप्ताह आएंगे चार कंपनियों के आईपीओ, 6,600 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद

**नयी दिल्ली :** यह सप्ताह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार के लिए व्यस्त रहने वाला है। सप्ताह के दौरान चार मुख्य मंच के आईपीओ आने हैं। इनमें लीला पैलेस होटल्स एंड रिजॉर्ट्स की परिचालक श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड और एजिस वोपैक टर्मिनल्स की सार्वजनिक शेयर बिक्री शामिल हैं। इन आईपीओ से सामूहिक रूप से 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान जिन दो अन्य कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स और स्कोडा ट्यूब्स शामिल हैं। इसके अलावा 28 मई को बोराना वीव्स और 29 मई को बेलराइज इंडस्ट्रीज के शेयर सूचीबद्ध होंगे। कुल मिलाकर 2025 में आईपीओ का बाजार सुस्त रहा है और अभी तक



सिर्फ 12 कंपनियां शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई हैं। वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव से आईपीओ बाजार में सुस्ती रही है। इससे पहले 2024 में कंपनियों ने 91 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक्सिस कैपिटल की आईपीओ बाजार पर सूचना के अनुसार, मई, 2025 तक 57 कंपनियों को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ के लिए अंतिम निष्कर्ष मिला है। वहीं 74 अन्य कंपनियां नियामक से अंतिम निष्कर्ष का इंतजार कर रही हैं। सप्ताह के दौरान जो आईपीओ आने हैं उनमें श्लॉस बेंगलूर का सार्वजनिक निर्गम 3,500 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये का नया निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट बैलेट बेंगलूर होल्डिंग्स (डीआईएफसी) प्राइवेट लिमिटेड की 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 413-435 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। यह आईपीओ 26 मई को खुलकर 28 मई को बंद होगा। एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स का लक्ष्य आईपीओ के तहत नए शेयर जारी कर 2,800 करोड़ रुपये जुटाने का है। इसमें से 2,016 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कंपनी कर्ज के भुगतान के लिए करेगी।

## भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यों का नतीजा: जितेंद्र सिंह

**जम्मू :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत का जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में किए गए कार्यों का नतीजा है। केंद्र सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद देश ने अपनी रक्षा प्रणाली को भी मजबूत किया और पाकिस्तान के खिलाफ हालिया सैन्य सफलता ने आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री



सिंह ने सुब्रह्मण्यम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, 'सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री को इस खुशखबरी के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 10-11 वर्षों से भारत जिस दूरदर्शिता के साथ वृद्धि के पथ पर अग्रसर है, यह उसी का नतीजा है।' मंत्री ने कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार वृद्धि में योगदान दे।

# महाराष्ट्र में सोयाबीन का रकबा दो लाख हेक्टेयर घटने की आशंका

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सोयाबीन की खेती के रकबे में इस साल दो लाख हेक्टेयर तक की कमी आने की आशंका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले साल उपज के कम दाम मिलने के कारण ऐसा होगा। आमतौर पर सोयाबीन को अच्छे दाम मिलने के कारण एक सुनिश्चित नकदी फसलों में शामिल किया जाता है। दूसरी ओर किसानों ने कहा कि चारे के रूप में सोयाबीन केक के आयात और सरकारी खरीद में अनिच्छा जैसे बाहरी कारक उन्हें इसकी खेती के लिए हत-ोत्साहित कर रहे हैं। इसके अलावा अनियमित बारिश से होने वाले नुकसान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद में देरी के चलते भी इस साल सोयाबीन की खेती में रुचि कम हुई है। एक अधिकारी ने कहा, 'पिछले साल राज्य में सोयाबीन की खेती का रकबा 52 लाख हेक्टेयर था। इस बार हमारा अनुमान है कि यह घटकर 50 लाख हेक्टेयर रह जाएगा, यानी दो लाख हेक्टेयर की गिरावट।' अहिल्यानगर के किसान श्रीनिवास कडलग ने कहा कि सभी जानते हैं कि सरकार पूरी सोयाबीन की फसल नहीं खरीद सकती और व्यापारी इस स्थिति का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पॉल्ट्री किसान हमेशा एकजुट होकर काम करते हैं और सोयाबीन की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए दबाव बनाए रखते हैं। स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के नेता माणिक कदम ने बताया, 'पश्चिमी महाराष्ट्र के लिए जैसा महत्व गन्ने का है, वैसा ही महत्व मराठवाड़ा के किसानों के लिए सोयाबीन का है।

## चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश को रक्षा उद्योग का केंद्र बनाने के लिए राजनाथ से सहयोग मांगा



**अमरावती/नयी दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य को वैमानिकी, रक्षा उद्योग का केंद्र बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सहयोग मांगा है। नायडू ने हाल ही में राजनाथ सिंह के साथ अपनी बैठक के दौरान आधा दर्जन परियोजनाओं की एक सूची दी। इसके तहत उन्होंने राजनाथ सिंह से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) के निवेश और एक वायु सेना स्टेशन स्थापित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के रक्षा गलियारों की तरह सिंह से वैमानिकी (एयरोस्पेस) और रक्षा उद्योगों के विकास की क्षमता वाले पांच केंद्रों को अधिसूचित करने का भी अनुरोध किया। रविवार को जारी एक बयान में नायडू के हवाले से कहा गया कि निवेश को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार से इस संबंध में औपचारिक मान्यता का अनुरोध किया। उनके द्वारा प्रस्तावित पांच केंद्रों में जग्गैयापेट-डोनाकोंडा केंद्र (6,000 एकड़), लेपाक्षी-मदकसिरा केंद्र (10,000 एकड़), विशाखापत्तनम-अनकापल्ली केंद्र (3,000 एकड़), कुरनूल-ओरवाकल केंद्र (4,000 एकड़) और तिरुपति केंद्र शामिल है।

## भारतीय बाजार में अधिक सीमित विशेष संस्करण की पेशकश होगी: रेंज रोवर प्रबंध निदेशक

**गेडॉन (ब्रिटेन) :** देश में रेंज रोवर के और अधिक सीमित विशेष संस्करण की पेशकश हो सकती है, जो बाजार में विविध प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगे। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इन्हें विशेष रूप से भारत के लिए तैयार किया जाएगा। भारतीय बाजार में वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए ब्रांड यहां अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि देश में अगले एक दशक के दौरान अति धनी लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है। रेंज रोवर ब्रांड के वैश्विक प्रबंध निदेशक मार्टिन लिम्पर्ट ने यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी कुछ हद तक स्थानीयकरण के साथ बेहतर मूल्य चाहने वाले ग्राहकों के लिए उत्पाद पेश करने को तैयार है। जगुआर लैंड रोवर अपने चार ब्रांड - जगुआर, रेंज रोवर, डिस्कवरी और डिफेंडर के लिए अलग-अलग वृद्धि रणनीति विकसित करने की योजना बना रही है। रेंज रोवर ने पहले ही भारत में



रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट के स्थानीय विनिर्माण की घोषणा कर दी है। लिम्पर्ट ने कहा, 'हमने पिछले साल पहली बार, भारतीय बाजार के लिए रणथंभौर संस्करण के साथ एक सीमित संस्करण किया था।' उन्होंने कहा कि स्थानीय छाप के साथ बनी 12 कारें एक सप्ताह के भीतर बिक गईं, क्योंकि ग्राहकों को यह अवध-ारणा पसंद आई। उन्होंने कहा, 'ग्राहकों ने इस बात की सराहना की कि हम भारतीय बाजार के साथ जुड़ाव बना रहे हैं। हमारे पास अन्य बाजारों में भी ऐसा अनुभव है। इसलिए, हम इस आधार पर और अधिक निर्माण करना चाहते हैं।'

# निवेश के लिए बॉन्ड भरोसेमंद विकल्प, जोखिम से बचने वालों के लिए निश्चित आय की गारंटी: विशेषज्ञ

**नयी दिल्ली :** बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार में अस्थिरता के बीच बॉन्ड एक भरोसेमंद निवेश विकल्प के रूप में उभरा है। देश में महंगाई के साथ अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता और वैश्विक स्तर पर तनाव समेत अन्य कारणों से उत्पन्न अनिश्चितताओं से जहां एक तरफ शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है, वहीं बॉन्ड लगातार निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा है। उनका यह भी कहना है कि जोखिम लेने से बचने वाले और निश्चित आय चाहने वाले लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बॉन्ड सुरक्षित निवेश यानी स्थिर आय की गारंटी देता है। आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस के उपाध्यक्ष श्रीशा आचार्य ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव है। पिछले तीन माह (23 मई, 2025 तक) में निफ्टी 50 सूचकांक में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं बॉन्ड लगातार एक निश्चित रिटर्न दे रहा है। सरकारी प्रतिभूतियां सालाना 6.2 से 6.8 प्रतिशत रिटर्न दे रही हैं जबकि उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड साल-ाना 6.8 से 7.5 प्रतिशत रिटर्न दे रहे हैं। यानी कुल मिलाकर बॉन्ड एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा है।' उन्होंने कहा, 'जोखिम से बचने वाले और दीर्घकालिक निवेशकों के लिए,




शेयर बाजार में गिरावट की स्थिति में बॉन्ड एक सुरक्षा प्रदान करता है और विविधीकरण के माध्यम से निवेश के मोर्चे पर अस्थिरता को 30 प्रतिशत तक कम करते हैं।' वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी और डिजिटल बॉन्ड निवेश मंच इंडिया बॉन्ड्स के सह-संस्थापक विशाल गोयनका ने कहा, 'शेयर बाजारों में मौजूदा अनिश्चितता के बीच बॉन्ड रिटर्न के मोर्चे पर स्थिरता प्रदान करता है। जहां शेयर बाजार की चाल वैश्विक स्तर पर वृहद आर्थिक बदलाव, भू-राजनीतिक तनाव और केंद्रीय बैंक के कदमों के अनुसार प्रभावित होती है, वहीं विशेष उच्च रेटिंग वाले बॉन्ड भरोसेमंद नकदी प्रवाह और पूंजी संरक्षण प्रदान करते हैं। कई निवेशकों के लिए यह एक तरह का सहारा है जिसकी उन्हें अस्थिर वित्तीय माहौल में जरूरत होती है।' उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल (2020 से 2025) में निफ्टी 50 सूचकांक ने संचयी रूप से 19.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, यह इक्विटी बाजार के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है, लेकिन इसमें काफी उतार-चढ़ाव भी रहा। वहीं सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने पर रिटर्न संचयी रूप से सालाना 16.32 प्रतिशत रहा। दस साल की अवधि वाले सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न औसतन 6.19 प्रतिशत और उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बॉन्ड (एएए रेटिंग वाले) पर संचयी रूप से सालाना रिटर्न 6.9 प्रतिशत रहा है।

## ओएनजीसी ने मुंबई अपतटीय क्षेत्र में ओएएलपी ब्लॉक में तेल, गैस की खोज की

नयी दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरप-ोरेशन (ओएनजीसी) ने मुंबई अपतटीय क्षेत्र में तेल और गैस की आशाजनक खोज की है। इससे निकट भविष्य में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ओएनजीसी ने अपनी चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा में कहा कि ये खोज मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) व्यवस्था के तहत दिए गए ब्लॉक में की गई हैं। सूर्यमणि और वज्रमणि नाम की ये खोजें ओएएलपी-6 ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2020/2 और ओएएलपी-3 ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2018/1 में की गईं। दोनों ही अपतटीय मुंबई घाटी में हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में किए गए परीक्षण के दौरान ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2020/2 पर अन्वे-षणात्मक कुआं एमबीएस202एचएए-1 से प्रतिदिन 2,235 बैरल तेल और 45,18 करोड़ घन मीटर गैस प्रवाहित हुई। ओए-नजीसी ने कहा कि इस कुएं में मिली सफलता को नई संभावना खोज के रूप में अधिसूचित किया गया और इसका नाम बदलकर 'सूर्यमणि' कर दिया गया।

वर्ष 10, पूर्णांक 4247 अंक 057, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in